Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...
रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

समय दर्शन

ESTD : Since 2011
संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर
निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में
सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 13, अंक 89 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये
दुर्ग, सोमवार 29 अप्रैल 2024
www.samaydarshan.in

सार समाचार

इटावा में गरजे अमित शाह, पूछा- राहुल को प्रधानमंत्री बनाओगे या मोदी जी को?

इटावा। सपा के गढ़ पहुंचे भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और गृहमंत्री अमित शाह जमकर गरजे। उन्होंने शहर के नुमाइश पंडाल में जनसभा को संबोधित किया। सबसे पहले शिव मंदिर, नीलकंठ मंदिर समेत सभी मंदिरों को नमन किया। इसके बाद खांटी समाजवादी नेता अर्जुन सिंह भदौरिया को नमन किया।

उन्होंने कहा कि दो चरणों के चुनाव में भाजपा सेंचुरी मार रही है। एक ओर राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले हैं, तो दूसरी ओर राम मंदिर बनाने वाले। उन्होंने कहा कि मैं अखिलेश यादव से पूछने आया हूं कि भैया आपको और डिंपल भाभी को प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण मिला था या नहीं? राहुल जी और उनकी मां से भी पूछता हूं कि निमंत्रण मिला था कि नहीं? आगे कहा कि सबको निमंत्रण गया था, लेकिन कोई आया नहीं। जनता से पूछते हुए कहा कि रामसेवकों पर गोली चलाने वालो को चुनेंगे या राम मंदिर वालों को। राहुल को प्रधानमंत्री बनाओगे या मोदी जी को? कश्मीर हमारा घर है या नहीं 370 हटना चाहिए था? इटावा का बच्चा-बच्चा कश्मीर के लिए जान दे देगा।

गृहमंत्री ने आगे कहा कि पहले पाकिस्तान हावी रहता था। मोदी प्रधानमंत्री बने, तो पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक की। विश्व में भारत का डंका बज रहा है।

भारत ने जीते पांच स्वर्ण सहित कुल आठ पदक

भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम का ऐतिहासिक प्रदर्शन, ओलंपिक चैंपियन कोरिया को हराकर स्वर्ण पदक जीता

शंघाई (एजेंसी)। भारतीय पुरुष रिकर्व टीम के धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव ने मौजूदा ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को पछाड़ते हुए रविवार को यहां 14 साल बाद तीरंदाजी विश्व कप में ऐतिहासिक जीत हासिल की। यह विश्व कप के अंतिम मुकाबले में भारतीय पुरुष रिकर्व टीम की पहली जीत है और इससे आगामी पेरिस ओलंपिक में जगह पक्की करने की उनकी संभावनाओं को बल मिलेगा।

धीरज, तरुणदीप और प्रवीण की तिकड़ी ने शानदार धैर्य दिखाते हुए एक भी सेट गंवाए बिना बेहद मजबूत कोरियाई खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन किया। सेना के 40 साल के तरुणदीप अगस्त 2010 में शंघाई विश्व कप के चौथे चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। तब राहुल बनर्जी, तरुणदीप और जयंत की रिकर्व टीम ने जापान को हराया था। स्पर्धा की शीर्ष दो वरीयता प्राप्त टीमों के मुकाबले में भारत ने 5-1 (57-57, 57-55, 55-53) से जीत हासिल की। मौजूदा विश्व कप में भारत का यह पांचवां स्वर्ण पदक है। भारतीय तिकड़ी ने धैर्यपूर्ण प्रदर्शन किया और शुरुआती सेट में तीन बार 10 अंक वाले निशाने के साथ के साथ कोरिया की बराबरी की। इसमें से दो एक्स (निशाने के क्रेंद के करीब) के साथ नौ अंक वाले तीन निशाने शामिल थे। इस सेट में दोनों टीमों ने 57-57 अंक बनाए। भारत के शानदार खेल से कोरियाई टीम दबाव में आ गई और उसके तीरंदाजों ने दो बार आठ अंक वाले निशाने लगाए। इसके उलट भारतीयों ने छह तीरों से तीन एक्स सहित 10 अंक वाले चार निशाने लगाए और दूसरा सेट 57-55 से जीत कर 3-1 की बढ़त ले ली। तीसरे सेट में कोरिया के प्रदर्शन में और गिरावट आई और टीम सिर्फ53 अंक ही बना सकी। भारतीय तीरंदाजों ने धैर्यपूर्ण खेल के साथ 55 अंक बनाए और 2010 के बाद पहली बार पुरुष वर्ग का टीम खिताब जीता। इस जीत से पहले महिला टीम ने 2013 विश्व कप में दो बार जुलाई में मेडेलिन तीसरे चरण और अगस्त में व्रोकला चौथे चरण में कोरियाई टीमों को हराया था।

भारत ने इस वैश्विक आयोजन से आठ पदक (पांच स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य) जीते। पुरुष टीम के फाइनल में भारत का मुकाबला उस कोरियाई टीम से था जिसके दो खिलाड़ी टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य थे। कोरियाई टीम में स्वर्ण पदक विजेता किम वूजिन और किम जे डेओक के अलावा ली वू सियोक तीसरे सदस्य थे।

भारत ने तीरंदाजी में पेरिस ओलंपिक के लिए अभी तक सिर्फकोटा हासिल किया है। यह कोटा धीरज ने पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में अर्जित किया है। ओलंपिक के लिए आखिरी ओलंपिक क्वालीफाइंग स्पर्धा 18 से 23 जून तक तुर्की के अंताल्या में विश्व कप का तीसरा चरण है, जिसके बाद टीम रैंकिंग के आधार पर दो अतिरिक्त कोटा मिलेगा। यह पहली बार है जब टीम रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक कोटा मिलेगा। क्वालीफायर से पेरिस का टिकट कटाने में नाकाम रही टीमों में से दो सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग की टीमों को ओलंपिक जाने का मौका मिलेगा।

अंकिता-धीरज को मिला कांस्य

इस शानदार सफलता के बाद अंकिता भकत और धीरज की रिकर्व मिक्स्ड टीम ने भी कांस्य पदक जीतकर भारतीय दल की खुशी में इजाफा किया। भारतीय जोड़ी ने मेक्सिको की एलेजांद्रा वेलेंशिया और मटियास ग्रांडे की जोड़ी को 6-0 (35-31, 38-35, 39-37) से शिकस्त दी। मां बनने के बाद खेल से दूर रहीं अनुभवी दीपिका कुमारी महिला रिकर्व के व्यक्तिगत फाइनल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर सकी। उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व रैंकिंग की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी ने 30वीं वरीयता प्राप्त होने के बाद प्रतियोगिता में काफी नीचे से शुरुआत की थी। उन्होंने क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में दो कोरियाई खिलाड़ियों को बाहर का रास्ता दिखाया लेकिन फाइनल में दीपिका हांग्झोउ एशियाई खेलों की चैंपियन लिम सिह्योन से सीधे सेटों में 6-0 (26-27, 27-29, 27-28) से हार गईं। खिताबी दौर में दीपिका की शुरुआत खराब रही और उनका दूसरा तीर सात-अंक वाले रिंग में लगा। उभरती हुई 20 साल की तीरंदाज लिम ने सिर्फएक अंक गवां कर दूसरा सेट जीता और स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

मुश्किल में बीजेपी प्रत्याशी: सरोज पांडेय को ईसी का नोटिस, जवाब नहीं देने पर हो सकती है कार्रवाई

मनेन्द्रगढ़ (समय दर्शन)। कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को निर्वाचन आयोग ने नोटिस जारी किया है। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर ने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को लेकर नोटिस जारी किया है।

सोमवार तक नोटिस का जवाब नहीं देने पर धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम का खर्च प्रत्याशी पर जुड़ेगा और आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। दरअसल चिरमिरी में आयोजित कथा के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने आयोजकों में भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय और स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल का नाम लिया था। और कथा के आयोजन स्थल पर भाजपा का प्रचार प्रसार हो रहा था। चुनाव आयोग के नोटिस पर लोकसभा प्रत्याशी सरोज पांडेय ने कहा कि हम नोटिस का जवाब देंगे, कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष ने जो आरोप लगाया है वो निराधार आरोप है। हमेशा ही विषयों को परिवर्तित करने की कोशिश करते हैं। जब सीधी लड़ाई में नही जीत पाते हैं तो लड़ाई को इस प्रकार से मोड़ने की शुरुआत करते हैं। हम उस पर जवाब देंगे।

अयोध्या : राममंदिर का प्रथम तल पूरी तरह से हुआ तैयार

दूसरे का काम तेज, स्तंभों पर उकेरी जा रही हैं मूर्तियां

अयोध्या(एजेंसी)। राममंदिर के प्रथम तल का काम पूरा हो चुका है। जबकि दूसरे तल का काम भी प्रारंभ हो चुका है। मंदिर को दिसंबर 2024 तक तैयार करने का लक्ष्य है। कार्य की गति बढ़ाने के लिए मजदूरों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। नवंबर के अंत तक मंदिर के दूसरे तल का काम भी पूरा करने का लक्ष्य है।

राममंदिर के प्रथम तल व दूसरे तल का काम साथ-साथ चल रहा था। प्राण प्रतिष्ठा से पहले ही राममंदिर के प्रथम तल की छत और फर्श बन गई थी। अब फिनिशिंग का काम भी पूरा हो गया है जबकि दूसरे तल के स्तंभों को जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है। प्रथम तल व भूतल के शेष 70 स्तंभों पर मूर्तियां उकेरने का काम भी तेज कर दिया गया है। मूर्ति कारीगरों की संख्या बढ़ाकर 60 कर दी गई है। अभी तक 40 कारीगर मूर्तियां उकेर रहे थे। दूसरी तरफ प्रथम तल पर राम दरबार की स्थापना के लिए महापीठ का निर्माण शुरू कर दिया गया है। महापीठ वह स्थान है जहां राम दरबार यानि राम, सीता, लक्ष्मण व हनुमान जी की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। राममंदिर के ट्रस्टी डॉ़ अनिल मिश्र ने बताया कि परकोटा में बनने वाले छह मंदिर व सप्तमंडपम की डिजाइन राममंदिर के आर्किटेक्ट आशीष सोमपुरा तैयार कर रहे हैं।

मंदिर निर्माण पूरा होने के बाद कुबेर टीला पर जा सकेंगे भक्त

ट्रस्टी डॉ़ अनिल मिश्र ने बताया कि राममंदिर निर्माण के साथ अन्य प्रकल्पों पर भी काम चल रहा है। कुबेर टीला पर जाने के लिए अभी 40 फीट चौड़ी सड़क का निर्माण हो रहा है। कुबेर टीला के सुंदरीकरण का काम पूरा हो चुका है, लेकिन अभी यहां श्रद्धालुओं के जाने पर रोक है। बताया कि सभी जरूरी व्यवस्थाएं व सुरक्षा प्रबंधों के बाद ही श्रद्धालु कुबेर टीला पर जा सकेंगे।

शभर में लू का कहर, बंगाल में रेड तो बिहार समेत कई राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट

नई दिल्ली। देशभर में बढ़ती गर्मी और लू से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उसके पार तक जा रहा है। लू को लेकर भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने ओडिशा और पश्चिम बंगाल में रेड अलर्ट जारी किया है। जबकि बिहार और झारखंड के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले कई दिनों तक गर्म हवाओं का प्रकोप रहेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, गर्म और उमस भरे मौसम के कारण बंगाल और ओडिशा में दिन के अधिकतम तापमान में और वृद्धि की संभावना है। वहीं, लू के चलते लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ेगी।

पाकिस्तानी नाव से 86 किलो ड्रग्स जब्त, 14 लोग गिरफ्तार, एनसीबी, एटीएस और तटरक्षक बल की संयुक्त कार्रवाई

अहमदाबाद (एजेंसी)। भारतीय तटरक्षक बल ने पाकिस्तानी नाव से 86 किलोग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया है। इसी के साथ जहाज पर सवार 14 लोगों को भी बल ने गिरफ्तार किया है। जब्त दवाओं की कीमत 600 करोड़ रुपये है। गुजरात आतंकवादी विरोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के साथ मिलकर तटरक्षक बल ने अरब सागर में ऑपरेशन चलाया। हालांकि, तटरक्षक बल ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया कि कैसे पाकिस्तानी नाव से किस तरह नशीला पदार्थ बरामद किया गया।

समुद्री सुरक्षा एजेंसी के अनुसार, ऑपरेशन रात भर चलाया गया। ऑपरेशन के लिए तटरक्षक जहाजों और विमानों को तैनात किया गया था। एनसीबी और एटीएस अधिकारियों ने आईसीजी जहाज राजरतन के इस्तेमाल से संदिग्ध नाव की पहचान की। राजरतन जहाज का विशेषज्ञ दल पाकिस्तानी नाव पर चढ़ गया। उन्होंने यहां जांच की। इस दौरान, अधिकारियों ने करीब 86 किलोग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया। पाकिस्तानी नाव को उसके 14 सदस्यीय चालक दल के साथ पकड़ लिया गया। आगे की जांच के लिए नाव को पोरबंदर लाया जा रहा है।

सुख गया जीवनदायिनी खारुन नदी

तीन गांव के सरपंचों ने कहा 4 एनीकेट छोड़ कर बाकी सभी एनीकेट परमानेंट बंद नही किया तो करेगा चुनाव का बहिष्कार

बलराम यादव/ समय दर्शन

पाटन। खारुन नदी को दक्षिण पाटन का जीवन दायिनी नदी कहा जाता है। लेकिन यह नदी अभी शुरुआती गर्मी में हो सूखने लगी है। एनीकेट की बनाया गया था लेकिन अभी भी कई एनीकेट से पानी बह रहा है। सरपंचों द्वारा कलेक्टर को आवेदन दिया है की तरीघाट और परसुलीडीह के मध्य बने खारुन नदी में एनीकेट के सिर्फ4 गेट को रहने दे बाकी के सभी गेट को स्थायी रूप से बंद किया जाए। सरपंचों ने बताया की अगर मांग पूरी नहीं हुई तो चुनाव का बहिष्कार किया जाएगा। तरीघाट, केसरा और परसुली डीह के सरपंचों ने बताया की एनीकेट का रिपेयरिंग तो हुआ है। लेकिन धीरे धीरे सभी गेट जर्जर होता जा रहा है। इस कारण कुछ गेट को छोड़कर बाकी सभी गेट को स्थायी रूप से बंद किया जाए। ग्राम तरीघाट के एनीकेट से पानी रुकता था तब गर्मी में भी ये तीनो गांव में निस्तरी का संकट नही होता था। लेकिन अभी स्थिति काफी भ्यावाह हो चुका था। जिला प्रशासन ने अभी पानी छोड़ा था तब जाकर अभी नदी में पानी है। नदी किनारे के गांवों में तालाब ज्यादा नहीं रहते , निस्तारी कार्य के लिए ग्रामीण नदी के ही भरोसे रहते है। सरपंच तरीघाट अशोक साहू, सरपंच केसरा भागवत सिन्हा और परसूली डीह के सरपंच घनश्याम यादव ने बताया की नदी का पाणी सुख जाता है।सिंचाई विभाग के अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़े सकता है। । कई बार ज्ञापन दिया लेकिन हर बार विभाग में बजट नही है करके जर्जर एनीकेट का संधारण करने में कोताही बरतते है।

खारुन नदी पर ग्राम तरीघाट पर बने एनीकेट के लोहे के गेट काफी जर्जर हो गया था। इसकी संधारण की मांग करते हुए ग्राम पंचायत तरीघाट एवं ग्राम पंचायत परसुलीडीह के सरपंच ने संयुक्त रूप से कलेक्टर दुर्ग को ज्ञापन सोपा था। शासन प्रशासन इस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए सिंचाई विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने पहले तरीघाट स्थित एनीकेट का निरीक्षण किया और इसके बाद जर्जर गेट का संधारण कार्य शुरू हुआ। तब जाकर पानी निस्तारी के लायक रुका है। सरपंच अशोक साहू ने कहा है की चार गेट को छोड़कर सभी गेट को स्थाई रूप से बंद कर देना चाहिए।

इधर किकिरमेटा के आसपास गांवों में पूरी सुखा

खारुन नदी का दो रूप देखने को मिल रहा है। एक तरफ एनीकेट के कारण कुछ जगह पानी रुका हुआ है तो कई गांवो के आसपास नदी पूरी तरह सुख चुका है। किकिरमेटा के सरपंच नेतराम निषाद ने बताया की किकिरमेटा सहित नदी किनारे के आसपास के गांव में निस्तारि की समस्या उत्पन्न हो है । नदी में पानी है नही है। उन्होंने बताया की रायपुर से आसपास पानी के लिए खट्टी परसदा रवेली के नाला पास से पानी दिया जाता है। इस कारण खारुन नदी के ऊपरी हिस्सा पाटन ब्लॉक, बालोद जिला में खारुन नदी में पानी ही नहीं रहता। सरपंच नेतराम निषाद ने पानी छोड़े जाने की मांग किया है।

आप से गठबंधन पर दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा

पूर्व विधायक बोले- भाजपा उन्हें टिकट देगी; लवली बोले- मैं कहीं नहीं जा रहा

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में लोकसभा चुनाव से ठीक 28 दिन पहले रविवार को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को चिट्?ठी लिखी।

4 पेज की चिट्ठी में उन्होंने लिखा- दिल्ली कांग्रेस इकाई उस पार्टी के साथ गठबंधन के खिलाफ है, जो कांग्रेस पार्टी के खिलाफ झूठे, मनगढ़ंत और दुर्भावनापूर्ण भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के आधार पर बनी थी। इसके बावजूद पार्टी ने दिल्ली में आप के साथ गठबंधन करने का फैसला किया।

सूत्रों के मुताबिक, लवली का इस्तीफा मंजूर कर लिया गया है। जल्द ही नए अध्यक्ष की घोषणा होगी। कांग्रेस ने 31 अगस्त 2023 को लवली को अध्यक्ष बनाया था। लवली के इस्तीफे के बाद अब पार्टी नेताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। ओखला से कांग्रेस के दो बार के विधायक रह चुके आसिफ मोहम्मद खान ने कहा- पार्टी में मतभेद हो सकते हैं। अगर लवली निराश थे, इस्तीफा देना चाहते थे तो वे चुपचाप मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना इस्तीफा सौंप देते।

जिस तरह के कारणों का जिक्र उन्होंने खड़गे को भेजी चिट्ठी में किया है, अगर उनकी मंशा खराब नहीं होती तो वे चुपचाप अपना इस्तीफा दे देते। एक तरह से उन्होंने जो पत्र खुले तौर पर मीडिया को जारी किया है, वह सीधे तौर पर बीजेपी को फायदा पहुंचा रहा है।

मैं इतना कह सकता हूं कि भाजपा एक-दो दिन में हर्ष ,क्कने कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाए थे। आप के कैबिनेट के आधे मंत्री फिलहाल भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल में हैं। इसके बावजूद, आलाकमान ने दिल्ली में आप के साथ गठबंधन किया।

मल्होत्रा की जगह लवली को पूर्वी दिल्ली से अपना उम्मीदवार घोषित कर देगी। आसिफ मोहम्मद के इस बयान के बाद लवली समर्थकों ने मीडिया के सामने उनके साथ धक्का-मुक्की की। वहीं लवली ने कहा कि वे कांग्रेस में ही हैं, किसी और पार्टी में नहीं जा रहे।

दिल्ली कांग्रेस के सीनियर नेताओं ने हाल ही में जो भी फैसले लिए, उसे ,ड्डष्ट जनरल सेक्रेटरी (दिल्ली इन्चार्ज) ने वीटो कर दिया। मुझे दिल्ली कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया था, फिर भी मुझे किसी को अपॉइंट करने की इजाजत नहीं दी जा रही। दिल्ली के 150 ब्लॉक अध्यक्ष को अपॉइंट करने का मेरा फैसला भी रिजेक्ट कर दिया गया था। फिलहाल इन ब्लॉक में कोई अध्यक्ष नहीं हैं।

दिल्ली कांग्रेस के कई नेता आप के साथ गठबंधन के खिलाफ थे।

जमीन विवाद में हत्या,आरोपी भेजे गए जेल

सरायपाली (समय दर्शन)। मामला सरायपाली थाना अंतर्गत ग्राम बिजराभांठा(सागरपाली)का है,जहां शनिचर 27 अप्रैल सुबह 08 बजे जमीन विवाद में हत्या को अंजाम दिया गया है!मृतक की बहू दीपांजलि बरिहा ने स्न्नक्रदर्ज कराया है!उनका कथन है कि ग्राम बिजराभांठा में हमारे घर से लगा हुआ गांव के, मुरली यादव व किरीत राम यादव का मकान है मेरे ससुर के चाचा जगत सिंह बरिहा का कोई बेटा नहीं है । जगत सिंह बरिहा का देखरेख पालन पोषण हम लोग कर रहे हैं।

जगत सिंह बरिहा के नाम पर प्रधान मंत्री आवास स्वीकृत हुआ है जिसका मकान निर्माण मेरे ससुर गनपत बरिहा अपने निजी भूमि पर करवा रहे हैं। दिवाल खड़ा कर चुके थे गांव का मुरली यादव व किरीत यादव उक्त प्रधानमंत्री आवास निर्माणाधीन स्थान को अपना जमीन बताकर आज दिनांक 27.04.2024 की सुबह 7 बजे दोनों तोड़ने लगे। जिसे मेरे ससुर गनपत बरिहा ने मना किया तो दोनों उनसे मां बहन की अश्लील गाली गलौच कर लड़ाई झगड़ा किये। लड़ाई झगड़ा के दौरान मैं वहीं पर खड़ी थी मेरे सामने ही मुरली यादव साले को जान सहित मार दूंगा कहकर अपने हाथ में रखे गैंती से मेरे ससुर के सिर के पिछले हिस्से में मार दिया। जिससे गंभीर चोट लगा खून बहने लगा। मैं डर के मारे भागकर अपने सास सुरजाबाई को खेत बुलाने गई तथा सरपंच पति लालचंद अग्रवाल को घटना के बारे में बताई। जिन्होने ससुर गनपत को तुरंत अस्पताल ले जाने व रिपोर्ट करने की सलाह दिये!

तो फिर मैं मेरी सास सुरजाबाई , भांजा बोधन के साथ ससुर को ईलाज हेतु सरायपाली हास्पीटल लेकर आई। सरायपाली अस्पताल के डाक्टर ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

मेरे ससुर की मौत, मुरली यादव एवं किरीत यादव द्वारा लड़ाई झगड़ा मारपीट करने सिर में गंभीर चोट लगने से हुई है। घटना को मेरे अलावा वहां पर उपस्थित आसपास के लोगों ने देखे सुने हैं तथा घटना की जानकारी मैनें सास सुरजाबाई बरिहा ,भांजा बोधन व ग्राम सरपंच पति लालचंद अग्रवाल को बतलायी हूं ।

मुरली यादव एवं किरीत राम यादव के विरूद्ध रिपोर्ट करती हूं जांच कर कार्यवाही किया जाये। रिपोर्ट पढकर देखी मेरे बताये अनुसार लिखी गई है।

उक्त आरोपी 01) मुरलीधर यादव, पिता शौकिलाल यादव, उम्र 39 वर्ष साकिन बिजराभाटा, 02) किरीत लाल यादव पिता शौकीलाल यादव उम्र 43 वर्ष साकिन बिजराभाटा, को हत्या के मामले में द्वश्च्ष की धारा 302, 34 के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपियों को रिमांड पर जेल भेजा गया है !

विश्व मलेरिया दिवस का आयोजन

गरियाबंद। मलेरिया नाम सुनते ही मच्छर हमारे जेहन में नजर आ जाता है,,आज विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर पुरी दुनियां में इस मच्छर जनित बीमारी पर विजय पाने के लिए वैज्ञानिकों डॉक्टरों और शोधार्थियों द्वारा की गई ।प्रयासों के संबंध में चर्चा का दिन है,,मलेरिया बीमारी के लिए जिम्मेदार परजीवी की खोज के बाद से अब तक अनेकों जतन करने के बाद भी मलेरिया बीमारी को पूर्ण रुप से खत्म नहीं किया जा सका है ।मलेरिया से बचाव और इसकी रोकथाम हेतु लोगों को जागरुक करने के लिए हर साल 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है।

करोड़ों के इन्वेस्टमेंट वाली कोचिंग की मॉनिटरिंग कौन करेगा

बिलासपुर(समय दर्शन)। स्कूल में हुई छुट्टियां और कोचिंग संस्थानों के धंधे का समय शुरू हुआ। जैसे ही किसी भी प्रतियोगी परीक्षा का रिजल्ट आता उसमें सफलता पाए हुए छात्र-छात्राएं तुरंत कोचिंग संस्थानों के लिए पोस्टर बॉय-गर्ल बन जाते हैं।

इन दोनों दैनिक अखबारों के पृष्ठों पर यह देखा जा सकता है कि कैसे एक ही सफल छात्र-छात्रा का फोटो एक से अधिक कोचिंग संस्थान उपयोग कर रहे हैं। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने कुछ दिन पूर्व इन्हीं कारणों से केंद्रीय स्तर पर 20 कोचिंग संस्थानों को नोटिस दिया था और पांच पर एक-एक लाख का जुर्माना किया था। हालांकि यह सभी कोचिंग संस्थाएं आईएएस की कोचिंग चलती हैं। यदि भ्रामक दावों के चक्कर में ग्रेजुएट युवा फस सकते हैं तो स्कूली स्तर पर कोचिंग संस्थानों के चक्कर में ना केवल छात्र-छात्रा बल्कि उनके गार्जियन भी फसते हैं। कोचिंग संस्थानों का धंधा केवल भ्रामक विज्ञापन देने मात्र से नहीं चलता जिस दिन किसी भी स्कूल में पीटीएम (पेरेंट्स टीचर मीटिंग) या परीक्षा फल घोषित करने का दिन होता है वहां कोचिंग संस्थानों के मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव खड़े होकर ग्राहक की तलाश में लग जाते हैं। पहले मोबाइल नंबर पूछते हैं आप दो या ना दो कोचिंग वालों का स्कूल से सेटिंग पूर्व निर्धारित है। और आपके पास, आपके बेटे या बेटी के पास कोचिंग से फोन आने लगेंगे हालांकि भारत सरकार ने कोचिंग संस्थानों के लिए जो गाइडलाइन जारी की है।

किसी भी कोचिंग में 16 साल से काम की उम्र में प्रवेश नहीं दिया जा सकता पर बिलासपुर में जो विज्ञापन प्रकाशित हो रहे हैं उसके अनुसार तो छठवीं से ही कोचिंग में दाखिला मिल जाएगा। अच्छे अंक या रैंक की गारंटी नहीं दी जा सकती पर यहां दी जा रही है। इस गाइडलाइन के अनुसार कोचिंग संस्थानों को फीस की रसीद देना भिन्न-भिन्न कोर्स का आलेख करते हुए प्रोस्पेक्टस जारी करना और नोट्स निशुल्क देने होंगे। पाठ्यक्रम के लिए पूरी फीस जमा कर दी है। और बीच में ही कोचिंग छोड़ रहा है तो बची हुई फीस 10 दिन के भीतर वापस करना है। कोचिंग संस्थान में ऐसे व्यक्ति को नियुक्ति नहीं दी जा सकती जो किसी अपराध के लिए दोषी ठहराया गया हो। संस्थान अपनी वेबसाइट पर शिक्षकों की योग्यता, पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम सामग्री पूरा होने की अवधि, छात्रावास की सुविधा व उसका शुल्क का विवरण देना होगा। मेंटल हेल्थ के लिए भी समय समय पर वर्कशॉप करने होंगे छत्तीसगढ़ में बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई, रायपुरा कोचिंग सेंटर के बड़े केंद्र हैं पर इन स्थानों पर शिक्षा विभाग या स्थानीय निकाय ने जिला प्रशासन से साथ मिलकर कभी भी कोचिंग संस्थानों और उनके हॉस्टल साथ में चल रहे डमी स्कूल का नाम तो निरीक्षण किया है नाही केंद्र सरकार द्वारा कोचिंग संस्थानों के लिए जारी दिशा निर्देश के पालन के लिए कोई कार्य योजना नहीं बनाई है। जबकि शिक्षा विभाग के कर्मचारियों के सैकड़ो बच्चे इन्हीं संस्थानों में पढ़ रहे हैं।

भूतेश्वरनाथ भगवान भोलेनाथ के द्वार पहुँची दादी लखमा की पत्नी,विधिवत पूजा-अर्चना कर की सुख-समृद्धि की कामना

गरियाबंद(समय दर्शन)। बस्तर लोकसभा प्रत्याशी दादी कवासी लखमा की पत्नी श्रीमती कवासी बुधरी आज गरियाबंद ज़िले में स्थित विश्व के सबसे बड़े शिवलिंग भगवान भूतेश्वर नाथ के दरबार में पूजा अर्चना करने पहुची थी ।दोपहर 12 बजे पूजा अर्चना कर वे वापस लौट गई श्रीमती कवासी बुधरी ने बतलाया वे कई सालों से बाबा भूतेश्वरनाथ में पूजा अर्चना करने आते रही है,और भगवान भोलेनाथ यहाँ सभी की मनोकामना पुरी करते है ।दादी कवासी लखमा भी यहाँ आ चुके है ।ज्ञात हो कि दादी कवासी लखमा बस्तर में कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी है पहले चरण में बस्तर का चुनाव हो चुका है दादी लखमा अपने ख़ास अन्दाज़ और बेबाक़ बयान के लिए पूरे लोकसभा चुनाव के दौरान काफ़ी चर्चे में रहे।

स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में 5 मई तक होगा एडमिशन

सारंगढ़ बिलाईगढ़, (समय दर्शन)। प्रदेश के सभी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के एडमिशन हेतु आवेदन तिथि की अंतिम तिथि 05 मई 2024 निर्धारित है ।अधिक आवेदन की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से सीट आबंटन 05 मई से 10 मई 2024 तक किया जाएगा। एडमिशन की अन्य आवश्यक कार्यवाही 11 मई से 15 मई 2024 तक किया जाएगा।

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में एडमिशन हेतु कई निर्देशों का पालन करना होगा। इन विद्यालयों में प्रवेश हेतु आवेदन ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से किया जा सकेगा। एक विद्यार्थी एक विद्यालय हेतु ही आवेदन कर सकेगा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में राज्य में पूर्व से चल रहे अंग्रेजी माध्यम के 152 प्राथमिक तथा 153 पूर्व माध्यमिक शालाओं के छात्र-छात्राओं को कक्षा 6वीं एवं कक्षा 9वीं में प्राथमिकता से एडमिशन दिया जाये। कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को विशेष प्राथमिकता से प्रवेश दिया जायेगा, जिसमें एडमिशन हेतु आवेदन पत्र साथ पालक का मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक कक्षा में रिक्त सीट का 50 प्रतिशत छात्राओं का चयन किया जायेगा। बालिकाओं की पर्याप्त संख्या नहीं मिलने पर बालकों से सीट भरी जा सकेगी ।बी.पी.एल. एवं आर्थिक रूप से कमजोर पालकों के बच्चों को कुल रिक्त सीट के 25 प्रतिशत सीटों के विरुद्ध प्रवेश दिया जायेगा। पालकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

2 लाख 38 हजार का शराब व लाहन आबकारी टीम ने किया जप्त

सारंगढ़ बिलाईगढ़ (समय दर्शन)। लोकसभा आदर्श आचरण संहिता के दौरान जिला आबकारी अधिकारी सोनल नेताम के मार्गदर्शन में 48 हजार मूल्य का शराब और 1 लाख 90 हजार मूल्य का लाहन कुल लगभग 238000 रुपए का सामग्री जप्त किया गया। सारंगढ़ आबकारी विभाग वृत्त सारंगढ़ को सूचना मिली की ग्राम शांतिनग़र चौकी कनकबीरा में भारी मात्रा में अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जाता है, जिसे गांव के बाहर एवम आसपास के क्षेत्रों में इसको विक्रय किया जाता है द्य सूचना की पुष्टि होने पर टीम के साथ बताए गए स्थान शांतिनगर के जंगल पर पहुंचे। स्थल पर सफेद रंग के पॉलीथिन तथा बालटियों में भरी क़रीब 220 लीटर कच्ची महुआ शराब तथा बड़े बड़े ड्रमों, बालटियों में महुआ शराब बनाने के लिए महुआ लाहन जिसकी कुल मात्रा लगभग 3800 किलोग्राम है, को जब्त किया गया ।कच्ची महुआ शराब को आबकारी टीम द्वारा

कब्जा किया गया एवम विधिवत रूप से महुआ लाहन का नष्टीकरण किया गया द्य अज्ञात आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम धारा 34(1)(क) (च)34(2) का , प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है।

आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। वही दूसरे प्रकरण में शांतिनग़र चौकी कनकबीरा में आरोपी फ़गुलाल थुरिया के रिहायशी मकान की तलाशी में फ़गुलाल के क़ब्ज़े से 20 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद हुआ, जिसे जप्त कर क़ब्ज़े आबकारी लिया। आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)क34(2)59(क) का उल्लंघन करने पर विधिवत गिरिफ़्तार कर जेल दाखिला कराया गया है। इस कार्यवाही में स.जि.आब.अधि. आनंद वर्मा,आबकारी उपनिरीक्षक हाबिल खलखो , आबकारी आरक्षक गणेश धीरज,मोहनलाल चौहान, नगर सैनिक उमा सिदार का उल्लेखनीय योगदान रहा।

पुर्व मुख्यमंत्री ने दिया था लाखो का सौगात

मापदंडों को ताक पर रखकर कराया जा रहा है, सामुदायिक भवन का निर्माण

कार्यालय ग्राम पंचायत पुरैना खपरी
दिपाली ज्वेलर्स

बलौदाबाज़ार (समय दर्शन)। जिले में विभिन्न निर्माण कार्यों में गुणवत्ता को लेकर हमेशा से सवाल उठता रहा है विधानसभा चुनाव से पहले नगर पालिका बलौदा बाजार में भी करोड़ों की लागत से बना व्यावसायिक परिसर का उदाहरण सबने देखा है, तों कहीं इंजीनियर खुद ही ठेकेदार बनके काम करा रहे हैं। अभी का ताजा मामला बलौदा बाजार जनपद क्षेत्र के पुरेना खपरी का है जहां 20 लाख की लागत से सर्व सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा है जहां ग्रामीणों द्वारा उसकी गुणवत्ता को लेकर के सवाल उठाया जा रहा है । बता दे कि भेंट मुलाकात के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री ने पुरैना-खपरी में जनप्रतिनिधियों और आम जनता की मांग पर अनेक घोषणाएं की। उन्होंने पुरैना-खपरी की प्राथमिक शाला के माध्यमिक शाला में उन्नयन, पुरैना खपरी में सर्व समाज के लिये भवन के निर्माण, पड़कीडीह- रावन-हिरमी सड़क के निर्माण, ग्राम हिरमी में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने, लटुआ एवं सलौनी के हाईस्कूल का हायर सेकेंडरी में उन्नयन, हथबंद में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल प्रारंभ करने, शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय बलौदाबाजार के नवीन भवन के निर्माण, बलौदाबाजार-रिसदा बायपास मार्ग लंबाई 7 किलोमीटर का 17 करोड़ 61 लाख रुपए की राशि से निर्माण कराने की घोषणा की।

> यह जांच के बाद और भी स्पष्ट हो पाएगा की किन किन प्रकार से निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गई है। मैं मौके पर टीम भेज कर जांच करवा लेता हूं।
>
> **मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
> **ज.पं., बलौदा बाजार**

भवन निर्माण की जांच का विषय

भवन मे 12 कॉलम खुदाई किया गया है जिसमे प्रत्येक कॉलम 10 छड़ 16एमएम का होना चाहिए स्टीमेट के अनुसार किन्तु 4कॉलम मे 2-2 छड़ 12एमएम है। बेस कॉलम 15 ष्द्ध होना चाहिए किन्तु बेस कॉलम 10ष्द्ध है ।कॉलम में मटेरियल की मात्रा स्टीमेट मानक दर से कम है।

भवन निर्माण मे पानी क्यूरिंग नहीं किया जा रहा है जिससे भवन कमजोर दिखाई पड़ता नजर आ रहा है। स्टीमेट के अनुसार कॉलम के आकार मे अंतर है साथ ही साथ भवन निर्माण मे उपयोग किये जाने वाले ईट कोर विहीन होने के कारण बिल्डिंग अव्यस्थित दिखाई प्रतीत हो रहा है।

संक्षिप्त समाचार

ग्राम छर्रा में नारी रक्षा सम्मान निधि की बैठक हुआ संपन्न

सारंगढ़ (समय दर्शन)। छत्तीसगढ़ युवा समाज सुधार समिति द्वारा निकाली गई मुख्य योजना नारी रक्षा सम्मान निधि की बैठक ग्राम पंचायत छर्रा में 28 अप्रैल को रखी गई बैठक में उपस्थित संस्था के प्रदेश अध्यक्ष श्री दिनेश बंजारे प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीमती उत्तम बंजारे प्रदेश संयुक्त सचिव अजय लक्ष्मे बिहारी विश्वकर्मा छर्रा महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती लाकेश्वरी लक्ष्में ,बिंदू खूंटे, सुमन खूंटे, फूलबाई, विंधहस्मी , एवम ग्राम पंचायत छर्रा की सभी बहने उपस्थित रही आज के बैठक में सभी बहनों को पहला अनुदान राशी नारी रक्षा सम्मान निधि के द्वारा प्राप्त हुआ सभी बहने संस्था को धन्यवाद देते हुए आभार प्रकट किया।

लोकसभा चुनाव मे यूथ आइकन बनी डिम्पल

बसना(समय दर्शन)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बंसूला बसना निवासी डिम्पल डडसेना के नीतिगत फैसले व उनके द्वारा लोगों को मतदान करने के लिए सतत प्रेरित करने की कार्य शैली से लोग प्रभावित होकर लोक-लाज,रस्मो के बंधन व घरों से निकलकर मतदान करने बूथ मे जाकर लोकतंत्र के महापर्व मे भाग लिये। लोकतंत्र का नीतिगत स्तंभ, हमारे समाज की बुनियादी नींव है जिसे हमें सुरक्षित रखना चाहिए। यह एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें हर नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अधिकार होता है। इसमें भाग लेना एक ज़िम्मेदारी और समाज सेवा का प्रमाण है। हाल ही में छत्तीसगढ़ के एक युवा आइकॉन डिम्पल डड़सेना ने अपने जिले में मतदान को बढ़ावा देने के लिए एक अद्भुत पहल की है। उन्होंने अपने गाँव बसुंला बसना के एक नव विवाहित दम्पति के घर जाकर मतदान के महापर्व में भाग लेने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस अवसर पर, उन्होंने लोगों को यह बात याद दिलाई कि मतदान करना हर नागरिक का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है। मतदान एक समाज की शक्ति को निर्धारित करने का माध्यम है। यह हमारे राजनीतिक प्रक्रियाओं के निर्णायक हैं और हमें अपने देश और समाज की भविष्य को निर्धारित करने में सहायक होता है। साथ ही मतदान के पर्व में सभी नागरिकों की भागीदारी को प्रेरित करने के लिये डिम्पल ने छत्तीसगढ़िया परिधान में मतदान देकर कहा कि छत्तीसगढ़िया के ईही हवे पहचान, पहले करबो मतदान, तेकर पाछू दूसर काम। इस प्रेरणादायक पहल से हमें यह याद दिलाया गया है कि हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम मतदान करें और समाज के लिए एक सकारात्मक परिवर्तन लायें। यह हमारे लोकतंत्र की मजबूती और स्थायित्व को सुनिश्चित करने में मदद करेगा। उनके प्रयास को जिला प्रशासन ने भी प्रशंसा की है,और उन्हें सैकड़ों लोगों से तारीफें मिल रही हैं।

आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही जारी

गरियाबंद(समय दर्शन)। आबकारी विभाग गरियाबबंद द्वारा ग्राम सोहागपुर के जंगल में लावारिश स्तिथि में भारी मात्रा में शराब बनाने का समान महुआ लाहन लगभग 200 किलोग्राम 30.0 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब लावारिश स्तिथि में जप्त किया गया उसके अतिरिक्त उसी ग्राम के एक अन्य व्यक्ति के मकान में दबिश देकर 04 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब जप्त कर आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) ख के तहत प्रकरण कायम किया गया है। इस प्रकार चुनाव के मद्देनजर चुनाव में शराब के प्रभाव को कम करने के लिए देवभोग क्षेत्र में भी लगातार कार्यवाही की जा रही है ।पिछले 15-20 वर्षो से बिक रहे अवैध ताड़ी (छीद रस) बेचने वालो के खिलाफ 34(1) डी के 07 प्रकरण कायम किए गय है। इससे ताड़ी बिक्री में भी कमी आई है ।ओडीशा से लाने वाले पाउच व अंग्रेजी शराब के विरुद्ध लगातार बॉर्डर में नाका लगाया जा रहा है और बेचने वालो के मकान में दबिश दी जा रही है जिससे अवैध शराब बिक्री में भी कमी आई है।

मतदाता जागरूकता के होर्डिंग और एडवरटाइजिंग के लिए बनी सहमति

दुर्ग। लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत विगत 27 अप्रैल को मतदाता जागरूकता के होर्डिंग के लिए नगर निगम और एडवरटाइजिंग एजेंसी के साथ बैठक ली गई जिसमें नगर निगम एण्ड एडवरटाइजिंग एजेंसीज ने 1 मई से 7 मई तक मतदान अपील के होर्डिंग्स लगाने की सहमति दी। साथ ही दोनों के द्वारा सहमति दी गई कि जिन संस्थानों द्वारा मतदान के पश्चात डिस्काउंट दिया जा रहा है। उन्हें उक्त अवधि के लिए मांग पर फ्री में एडवरटाइजिंग स्पेस उपलब्ध कराया जाएगा।

सार समाचार

युवक से मोबाइल व नकदी की लूट

रायपुर(समय दर्शन)। गायत्रीनगर स्थित जगन्नाथ मंदिर के पास एक्टिवा सवार तीन युवकों ने एक युवक से मोबाइल व नकदी रकम लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आरिफ कुरैशी 22 वर्ष पूजारी स्कूल के पास राजातालाब का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी एक्टिवा से घर जा रहा था, तभी गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर के पास एक्टिवा सवार अज्ञात तीन युवकों ने प्रार्थी का रास्ता रोका और डरा धमका कर उसके जेब से मोबाइल व नकदी 2100 रुपए लूट लिए। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 392, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

शराब दुकान के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर(समय दर्शन)। छोटे उरला देशी शराब दुकान के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमा साहू 32 वर्ष शिक्षक कालोनी अभनपुर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलएच 1832 को छोटे उरला के देशी शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर अभनपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक पर चाकू व रॉड से हमला

रायपुर(समय दर्शन)। बैजनाथ अखाड़ा के पास चार युवकों ने दो युवक से गाली-गलौज कर रॉड व चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नागेश्वर यादव तेलीबांधा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपने दोस्त संकेत तांडी के साथ बैजनाथ अखाड़ा के तरफ गया था, तभी आरोपी साहिल, असरफ, ईमरान व गोलू ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर रॉड व चाकू से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा आर्म्स एक्ट 25,27, 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

स्याही लगी उंगली दिखाने पर इलाज में 30 प्रतिशत की होगी बचत

मतदाता जागरूकता के लिए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की अनुकरणीय पहल

स्वास्थ्य जांच, कंसल्टेशन पर 30 प्रतिशत की छूट, ओपीडी बिलिंग में मिलेगी प्राथमिकता

मतदान तिथि से लेकर 12 मई तक मिलेगी यह विशेष लाभ

हॉस्पिटल प्रबंधन ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा इस आशय का पत्र

RAMKRISHNA
CARE
HOSPITALS

रायपुर(समय दर्शन)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान करते हुए जिले के प्रतिष्ठित रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने सराहनीय पहल की है। 07 मई को मतदान करने वाले नागरिकों को उंगली पर स्याही का निशान दिखाने पर स्पेशल डिस्काउंट ऑफर की घोषणा की है। कलेक्टर डॉ. सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अन्य संस्थानों के लिए भी अनुकरणीय बताया है। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर डॉ अखिल ने कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह से मुलाकात कर उन्हें अपने इस ऑफर से अवगत कराया। हॉस्पिटल द्वारा मतदान तिथि 07 मई को वोट देने वाले मतदाताओं और उनके परिवारजनों को सभी प्रकार के स्वास्थ्य जांच में 30 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसके साथ ही ओपीडी फिजिशियन कंसल्टेशन में भी 30 प्रतिशत की छूट हॉस्पिटल द्वारा दी जाएगी। जिससे लोग अधिक से अधिक वोट करने के लिए प्रेरित होंगे। हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए और नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु यह पहल की गई है। हॉस्पिटल द्वारा मतदान के दिन से 12 मई तक रायपुर नगर निगम क्षेत्र में मतदाताओं के लिए नि:शुल्क एंबुलेंस पिकअप की सुविधा भी रहेगी। इसके साथ ही उन्हें ओपीडी बिलिंग में भी प्राथमिकता मिलेगी जिससे मतदान करने वाले नागरिकों को प्रतीक्षा नही करना पड़ेगा। मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से यह स्कीम लागू की जा रही है जो 07 मई से 12 मई 2024 तक उपलब्ध रहेगी। प्रबंधन द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को इस आशय का पत्र भी सौंपा गया है। इस दौरान नगर निगम कमिश्नर श्री अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्री विश्वदीप उपस्थित थे।

डर दिखा कर वोट मांगना भाजपा की हतासा का प्रमाण है -कांग्रेस

आम जनता का शोषण और केवल पूंजीपति मित्रों का पोषण ही भाजपा का असल चरित्र है

रायपुर(समय दर्शन)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि आम जनता से उनका हक और अधिकार छीनने का काम भाजपा की सरकारों ने किया है। युवाओं से रोजगार छीने, महंगाई बढ़ाकर महिलाओं से उनकी बचत छिनी, कृषि की लागत बढ़ाकर किसानों को एमएसपी के अधिकार से वंचित किया, वन अधिकार अधिनियम में संशोधन करके आदिवासियों से जल, जंगल, जमीन के अधिकार छीनें, नंदराज पर्वत बेचें, मित्र के मुनाफे के लिए हसदेव के जंगल कटवा रहे हैं, एनएमडीसी का नगरनार प्लांट बिकने को तैयार है, छत्तीसगढ़ नवीन आरक्षण विधेयक पिछले डेढ़ साल से राजभवन में कैद है, श्रम कानूनों में श्रमिक विरोधी संशोधन किया, मनरेगा, खाद सब्सिडी, खाद्य सब्सिडी घटाई और अब उल्टा डर दिखा रहे हैं कि कांग्रेस आपकी संपत्ति छीन लेगी? बेरोजगारी, घटते इनकम और महंगाई से बे मौत मर रही जनता से वसूल कर जो संसाधन अपने मित्रों पर मोदी सरकार लूट रही है उसका उचित प्रबंधन और सामाजिक न्याय की संविधानिक व्यवस्था के तहत वितरण कांग्रेस का वादा है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि अपनी नाकामियों पर परदेदारी करने तथ्यहीन बयानबाज़ी करके मोदी और भारतीय जनता पार्टी के नेता आम जनता को संपत्ति छीनने का डर दिखा रहे हैं। सामाजिक न्याय हमारे संविधान की मूल भावना है, लेकिन विगत 10 वर्षों में मोदी सरकार ने देश के संसाधनों को केवल अपने पूंजीपति मित्रों पर लुटाया है।

रजनांदगांव में भाजपाईयों ने चुनाव को बाधित करने का प्रयास किया : कांग्रेस

संभावित हार के डर से भाजपाई गुंडा गर्दी पर उतारू थे - सुशील

रायपुर(समय दर्शन)। राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के कवर्धा में भाजपाइयों की गुंडागर्दी बूथों पर दिखी। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में सरकार के संरक्षण में भाजपा ने गुंडागर्दी कर चुनाव में बाधा पहुंचाने का काम किया। कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी भूपेश बघेल के साथ बूथ पर अभद्रता करने की कोशिश किया। भाजपा राजनांदगांव में हार को देखकर बौखला गयी तथा उसने सारी लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तार-तार कर दिया था। इसके बावजूद राजनांदगांव की जनता ने भूपेश बघेल के पक्ष में जमकर मतदान किया है। राजनांदगांव से कांग्रेस प्रचंड मतो से चुनाव जीत रही है। सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अपने प्रत्याशी के खिलाफ पड़ रहे मतदान से बौखलाये भाजपा नेता बूथों में घुसकर लोगो को धमका रहे थे। कवर्धा विधानसभा के बूथ क्र. 209, 210, 211 में गृहमंत्री विजय शर्मा के करीबी भाजपा नेता और सौरभ सिंह कवर्धा मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी, मुकेश सेन जबरीया बूथ में घुसने की कोशिश कर रहे। इस दौरान जब वहां पर पुलिस के आईपीएस अधिकारी इनको रोकने पहुंचे तो उनके साथ भी भाजपा नेता गुंडा गर्दी करने लगे। पुलिस के अधिकारी को मारने की धमकी दी गयी तथा यह कहा हम तो घुसेंगे हिम्मत है तो रोककर दिखाओ। भाजपाइयों ने चुनाव को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि यह मामला बेहद ही गंभीर है। गृहमंत्री के निर्वाचन क्षेत्र का मामला है। ऐसे में पुलिस के अधिकारी भी दबाव में है। चुनाव आयोग पूरे घटनाक्रम को संज्ञान में लेकर तत्काल गुंडागर्दी करने वालों के खिलाफ एफआईआर करे और इनकी गिरफ्तारी की जाये। इस पूरे मामले को संरक्षण देने वाले राज्य के गृहमंत्री के विरूद्ध भी आयोग को कार्यवाही करनी चाहिये। कांग्रेस राज्यपाल से मांग करती है कि गृहमंत्री विजय शर्मा को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें।

सदर बाजार एवं मालवीय रोड में चार पहिया वाहन प्रतिबंधित किये जाने के प्रस्ताव का विरोध

पहले के बनाये नियमों का पालन नहीं,अब और नया प्रयोग किसलिए - मालू

रायपुर(समय दर्शन)। सदर बाजार एवं मालवीय रोड को चार पहिया वाहन हेतु प्रतिबंधित किये जाने के रायपुर स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के प्रस्ताव का विरोध शुरु हो गया है। व्यापारी इस बात को लेकर नाखुश हैं कि यह एरिया एक प्रकार से प्रयोगधर्मी अधिकारियों का ठिकाना बन गया है,पहले जो प्रयोग हुए वह भी जिला प्रशासन व निगम ने ही बनाये थे लेकिन अपनी ही बनायी व्यवस्था को बनाये रखने में वे असफल रहे। सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया था और यह व्यवस्था आज तक निरंतर जारी है,किंतु यातायात पुलिस की उपस्थिति नहीं रहने से यह व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। सामाजिक,धार्मिक,राजनीतिक व संगठन स्तर की रैली या जुलूस इस मार्ग से नहीं निकलेगा कहा गया था,यह भी नहीं हो पाया। वास्तविकता ये हैं कि आसपास के मार्गों का यातायात डायवर्ट करने के कारण इस मार्ग पर जाम की स्थिति बनती है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू ने सांसद व रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अध्यक्ष सुनील सोनी को पत्र लिखकर इस प्रकार के किसी निर्णय पर रोक लगाने की मांग की है। श्री मालू ने कहा है कि मालवीय रोड एवं सदर बाजार शहर का हृदय स्थल एवं प्रमुख व्यवसायिक केन्द्र है इस प्रकार के प्रयोग से आम जनता ,व्यापारियों एवं अन्य सभी वर्ग को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इससे पहले जब सदर बाजार नो पार्किंग जोन घोषित किया गया और नियमित यातायात सिपाहियों की ड्यूटी लगती थी तब तो कभी भी यहां जाम की स्थिति नहीं बनी। व्यापारी,ग्राहक सभी एक दूसरे को नियमों का पालन करने के लिए सहयोग करते हैं। कुछ निजी पार्किंग भी बन गई है जहां वाहन पार्क किये जाते हैं। यह भी बता दें कि पूर्व में जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ संयुक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया था कि जयस्तंभ के सराउंडिंग क्षेत्र जो की व्यावसायिक क्षेत्र है इसमें सभी प्रकार के राजनीतिक धार्मिक सामाजिक जुलूसों पर प्रतिबंध रहेगा।

कृष्णा बहन का फर्ज़ ऐसे निभाएगी कि दुनिया में राखी की भूमिका बदल जाएगी

नईदिल्ली। जीवन के उथलपुथल भरे हालातों से निकलना दूभर लग सकता है, जिसमें बाधाएं और अनिश्चितताएं हर उस कदम पर चुनौती देती हैं जो कोई व्यक्ति चुने हुए रास्ते पर उठाना चाहता है। ऐसे समय में, जीवन में किसी 'सारथी' का होने से समंदर के घोर अंधियारे में जहाजों को मार्गदर्शन देने वाले प्रकाशस्तंभ के समान बल मिलता है। 'कृष्णा मोहिनी' कृष्णा के जीवनयात्रा को प्रदर्शित करता है, जो सिस्टरहुड के भाव को दर्शाते हुए अपने भाई मोहन की 'सारथी' के रूप में हर तूफान का सामना करके उसे बचाती है। रूढ़ियों को तोड़ते हुए, उनका रिश्ता पारंपरिक भूमिकाओं से परे है, क्योंकि यह शो 'कृष्णा बहन का फर्ज़ ऐसे निभाएगी...कि दुनिया में, राखी की परिभाषा बदल जाएगी' के अपने विश्वास के साथ भाई-बहन के रिश्ते के मूल को पुन: परिभाषित करने का वादा करता है। भाई और बहन के बीच इस प्यारे रिश्ते को प्रदर्शित करते हुए, कलर्स द्वारका की खूबसूरत भूमि और तटीय आकर्षण में सेट किए गए 'कृष्णा मोहिनी' को पेश करने के लिए तैयार है।

राजस्थान के अजमेर जिले में लोकसभा चुनाव के लिए वोट डालने का इंतजार करते समय महिलाएं अपना पहचान पत्र दिखाती हुई.



सरेआम शराब पीते 15 लोग गिरफ्तार

रायपुर(समय दर्शन)। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस ने सरोना बाजार चौक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी लखीधर नायक 46 वर्ष, गोविंद कुमार यादव 28 वर्ष, हिरउ यादव 40 वर्ष, किशन साहू 28 वर्ष व त्रिलोकी साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी अमीत सेन 30 वर्ष, राजेंद्र सिदार 25 वर्ष व चंदू सेन 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह टिकरापारा पुलिस ने आरोपी टीकाराम चक्रधारी 25 वर्ष, सेजबहार पुलिस ने आरोपी आकाश डहरिया 22 वर्ष एवं विधानसभा पुलिस ने आरोपी ओमकार वर्मा 27 वर्ष, माधव प्रसाद पटेल 38 वर्ष व रामेश्वर साहू 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी रवि कुमार साहू 26 वर्ष व लखन साहू 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

देश भर में मोदी सरकार के खिलाफ वातावरण है: अलका लांबा

रायपुर(समय दर्शन)। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं स्टार प्रचारक अलका लांबा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारों को संबोधित करते हुये कहा कि छत्तीसगढ़ के एक सीट पहले चरण का चुनाव 19 अप्रैल को हुआ। 26 अप्रैल को देशभर में दूसरे चरण का चुनाव हो रहा है। छत्तीसगढ़ की तीन सीटो पर मतदान हो रहा है। आप का एक वोट देश को संविधान बचाने के लिये है। एक कीमती वोट देश के लोकतंत्र को बचाने के लिये है। जो हक अधिकारो को संविधान में दिये गये है और लोकतंत्र की आवाजो को जिसको देश में बैठकर एक तानाशाह सरकार कुचल रही है उसे हमे बचाना है। छत्तीसगढ़ के तीन लोकसभाओं में मतदान चल रहे है। 22 राज्यों से होकर गुजरी हूं। दक्षिण भारत के केरल में आज 20 के 20 सीटों में वोट हो रहा है। अलका लांबा ने कहा कि पूरे देश में भाजपा की कहीं कोई लहर नहीं है। आपका एक वोट देश और संविधान को बचायेगा। भाजपा का 400 सीटों का दावा खोखला साबित हो रहा है। 10 साल कुशासन के, 10 साल अन्याय काल के, 10 साल तानाशाही के गुजरें। ये चुनाव देश का चुनाव है यह मुद्दे राष्ट्रीय मुद्दे है।प्रधानमंत्री डरे हुये हैं, अपनी हार को देखकर बौखला गये है। प्रधानमंत्री झूठ बोल रहे कांग्रेस के न्याय पत्र में मुस्लिम लीग मुसलमानों को सम्पतिया देना हिन्दु मुस्लिम करना कुछ भी आरोप बौखलाहट मे लगाये चला जा रहे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री से लिखित में मिलने का समय मांगा है। प्रधानमंत्री बताये कांग्रेस के घोषणा पत्र, कांग्रेस के न्याय पत्र के कौन से पन्ने पर जो प्रधानमंत्री जो झूठ बोल रहे है वो लिखा हुआ है। सच्चाई यह है कि भाजपा की हार अब कोई रोक नहीं सकता। उत्तर भारत में भाजपा को भारी सीटो का नुकसान हो रहा है। राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, राजस्थान जैसे सभी राज्यों में भारी सीटों का नुकसान हो रहा है। सच्चाई यह है कि पांडुचेरी जैसे तमिलनाडु के 40 सीटों का चुनाव हो चुका है। दक्षिण भारत के केरल के 20 सीटों पर चुनाव हो रहा है। तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक में कांग्रेस में हाल ही में कांग्रेस की सरकार बनी है। भाजपा का कोई वहां पर आने की गुंजाईश नहीं हैं। नुकसान उत्तर भारत का है वो दक्षिण भारत में भरपाई होते हुये कहीं नहीं दिख रहा है। इंडिया एलाईंश मजबूती के साथ मुद्दो को लेकर आगे बढ़ रहा है। भाजपा को 180 से 200 सीटो के नीचे रोकने में कामयाब हो जायेंगे और कांग्रेस इंडिया एलाईंश की खुद कांग्रेस ने 317 उम्मीदवार लगभग घोषित कर दिये है। जिसमें सीधा मुकाबला है भाजपा और कांग्रेस में है।

रियलमी ने केवल 9,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में सबसे तेज एंट्री-लेवल स्मार्टफोन, रियलमी सी65 5जी पेश किया

नई दिल्ली। सबसे भरोसेमंद सेव प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज़ - रियलमी सी सीरीज़ में रियलमी सी65 5जी लॉन्च किया। इस नए स्मार्टफोन में कई इनोवेटिव फीचर्स के साथ शानदार डिज़ाइन है, जो यूज़र्स को स्मार्टफोन का बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। रियलमी सी सीरीज़ अपनी आधुनिक फास्ट चार्जिंग, कैमरा टेक्नोलॉजी, और डिज़ाइन के लिए उद्योग में कई मानक स्थापित कर चुकी है। सी सीरीज़ का हर नया स्मार्टफोन चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों: चार्जिंग, कैमरा, स्टोरेज, और डिज़ाइन में बेहतरीन और आकर्षक अपडेट्स के साथ सेगमेंट का नेतृत्व कर रहा है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, रियलमी में हम हर व्यक्ति को टेक्नोलॉजी की ताकत देना चाहते हैं। आज इनोवेशन के हमारे इस सफर का एक महत्वपूर्ण क्षण है, जब हम अपनी लोकप्रिय सी सीरीज़ में अत्याधुनिक स्मार्टफोन, रियलमी सी65 5जी लॉन्च कर रहे हैं। मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी चिपसेट के साथ दुनिया के पहले स्मार्टफोन के रूप में रियलमी सी65 5जी अपनी बेहतर परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स द्वारा यूज़र के अनुभव में परिवर्तन ला देगा। हमारी रियलमी सी सीरीज़ हमेशा से लोगों को इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करती आई है, और किफायती मूल्य में इतने आधुनिक फीचर्स के साथ इस सीरीज़ ने उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। अनुज सिद्धार्थ, डिप्टी डायरेक्टर, मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस, मीडियाटेक ने कहा, ''मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी स्मार्टफोंस में तीव्र गेमिंग और बेहतरीन कैमरा क्वालिटी को सपोर्ट करता है।

संपादकीय

गलत डाइट लेने का आरोप

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर र्प्वतन निदेशालय ने गलत डाइट लेने का आरोप लगाया है। अदालत में ईडी ने कहा कि वह तिहाड़ जेल में जानबूझकर मीठा खा रहे हैं ताकि उनका शुगर लेवल बढ़ जाए तथा उन्हें मेडिकल आधार पर जमानत मिल जाए। केजरीवाल को टाइप-2 डायबिटीज है। वह सुबह-शाम आलू पूड़ी, मिठाई और आम खा रहे हैं। चीनी वाली चाय भी पी रहे हैं। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी उनका घर का खाना बंद करना चाहती है। केजरीवाल रोज 56 यूनिट इंसुलिन लेते हैं। उनका ब्लड-शुगर लेवल ऊपर-नीचे होता रहता है।

उन्हें लगातार कब्ज रहता है तथा क्रोनिक ब्रोंकाइटिस (खांसी) बनी रहती है। जेल डिस्पेंसरी की तरफ से नियमित जांच होने के बावजूद वह ब्लड शुगर के लिए निर्धारित डाइट नहीं ले रहे हैं। उधर अदालत में याचिका दायर कर केजरीवाल की जेल में सुरक्षा को खतरे में बताया गया है। आप नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन भी लंबे समय से जेल में बंद हैं। केंद्र सरकार पर आरोप है कि यह जानबूझकर किया जा रहा है।

वह आप सरकार के काम-काज के तरीकों और उसकी प्रसिद्धि से घबरा कर ऐन लोक सभा चुनाव के पहले यह कदम उठाया गया। आप नेता संजय सिंह ने इस कृत्य को तानाशाही कहा, जबकि केजरीवाल ने जेल से भेजे संदेश में कहा कि मैं आतंकवादी नहीं हूं। हालांकि केजरीवाल को खुद को नुकसान पहुंचाने जैसा कदम उठाने से बचना चाहिए। निश्चित रूप से इससे दुनिया भर में उचित संदेश नहीं जा रहा है। किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है।

यह तय है कि यदि केजरीवाल या उनके दल के अन्य नेताओं पर आरोप साबित होते हैं तो उन पर कानून शिंकजा कसेगा। भ्रष्टाचार को लेकर अपने यहां सिर्फ बातें ही बनाई जाती हैं। राजनीतिज्ञों के भ्रष्टाचारमुक्त होने पर जनता में संशय ही है। मोदी सरकार भी ऐसा कोई उदाहरण तय करने में सफल नहीं है, जिससे प्रतीत हो कि अपने नेताओं के भ्रष्टाचार को लेकर भी वह कड़े कदम उठा रही है। घातक संक्रमण की तरह फैलते भ्रष्टाचार से जूझना बड़ी चुनौती है, बदले की भावना से ऊपर उठ कर इससे मुक्त होने के सामूहिक प्रयास करने होंगे।

प्रचार के लिए स्वतंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अलीगढ़ में भाषण बांसवाड़ा का विस्तार है। ये दोनों भाषण एक दिन के अंतराल पर हैं। दोनों की पिच एक है। कांग्रेस पर हमले के बहाने, बहुसंख्यकों में उसके शासन का डर बैठाना।

यह कहना कि ‘उनकी गाढ़ी कमाई से अर्जित संपत्तियां, यहां तक कि ‘स्त्रीधन कहे जाने वाले महिलाओं गहने-मंगलसूत्र-तक माओवादी की तरह छीन लिये जाएंगे।’ राष्ट्रीय संसाधन पर अल्पसंख्यकों, वे जो ‘घुसपैठिए’ हैं, वे ‘जिनके ज्यादा बच्चे’ हैं, का पहला हक होने’ की वकालत की याद दिला कर बहुसंख्यकों में उनके प्रति हिकारत पैदा कराना। प्रधानमंत्री अपने पक्ष में प्रचार के लिए स्वतंत्र हैं।

पर वे कांग्रेसी मैनिफेस्टो या 2006 में तात्कालिक प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के भाषण को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए नहीं। वे भूल जाते हैं कि ऐसे भाषण विभाजनकारी कोटि में आते हैं। चुनाव में होने के बावजूद एक प्रधानमंत्री के रूप में इसकी उन्हें इजाजत नहीं है। कांग्रेस चुनाव आयोग से मिल कर उनके एवं पार्टी के विरु द्ध 17 शिकायतें की हैं। प्रधानमंत्री के भाषण से लगता है, कांग्रेस जैसे सत्ता में आ रही है। ऐसा पहले चरण के मतदान में गिरावट से उन्हें लगा है। हालांकि कम वोट भाजपा का निरस्तीकरण नहीं है। पर यह आरएसएस कार्यकर्ताओं के अनुत्साह को दर्शाता है।

दूसरी बात, कांग्रेस ने अपने मैनिफेस्टो में मोदी-राज में बढ़ी आर्थिक विषमताओं के आलोक में एक आयोग बैठाने की बात की है। सरप्लस भूमि-वितरण की बात की है। इसमें गलत क्या है? स्वयं प्रधानमंत्री एवं उनकी पार्टी और अन्य सारे दल इस तरह के कार्यक्रमों के साथ आने का वादा करते हैं। मनमोहन सिंह ने ‘देश के आर्थिक संसाधनों को हाशिए पर पड़े तमाम समुदायों को देने’ की बात कही थी। यह प्रधानमंत्री भी जानते हैं कि देश के मुसलमान ‘घुसपैठिए’ नहीं हैं।

वे भी अन्य के जैसे देश के नागरिक हैं, राष्ट्रवादी हैं। उनकी जनसांख्यिकी दर हिन्दू जितनी है। बेशक, लोगों के कल्याण और उनकी पहचान को जोड़ने पर राजनीतिक और चुनावी बहस हो सकती है, लेकिन मोदी के भाषण इस पर व्यापक संदेश भेजने के उनके स्वयं के प्रयासों के विरु द्ध हैं, जो लाभार्थियों में जाति-समुदाय के आधार पर भेदभाव नहीं करता। वे खुद भारत की विविधता एक ‘बहुरत्नधारी

सियासत के संग्राम में नारों का जोर-शोर

अजय कुमार

चुनाव के बनते-बिगड़ते समीकरणों के बीच चुनावी नारे खूब रंग जमाते रहे हैं। शुरुआती चुनाव से मौजूदा दौर तक चुनावी नारे सियासी दलों की विचारधारा की तस्वीर को जनता के बीच साफकरने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। इन्हीं नारों की पतवार के सहारे कई पार्टियों की नैया भी पार लगी है तो कई बार कुछ नारे जमीदोज भी हो गये। अब तो चुनावी नारों के साथ-साथ राजनीतिक विरोधियों पर हमला करने से लेकर मतदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने तक, लोकप्रिय बॉलीवुड फिल्मों के कई हास्य तत्वों सहित रंगीन मीम्स की सोशल मीडिया पर बाढ़ भी देखने को मिलती है, इंस्टाग्राम से लेकर एक्स तक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चुनावों से पहले राजनीतिक बढ़त के लिए कड़वे पोस्टर युद्ध और यहां तक कि कड़वे मीम की लड़ाई भी देखी जा सकती है। मतदाताओं, विशेषकर युवा और पहली बार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए मीम्स का इस्तेमाल किया है, जो कई बार विचित्र होते हैं। लोकसभा चुनाव में सबसे पहला लोकप्रिय नारा सन 1971 के आम चुनाव में गरीबी हटाओ रहा। इस नारे की गूंज गली-गली तक रही और इंदिरा गांधी को लोगों ने हाथों हाथ लिया था। असल में 1967 में जब इंदिरा गांधी चुनाव मैदान में उतरीं तो उस दौरान कांग्रेस का नारा सरकार बनाना खेल नहीं, इस दीपक में तेल नहीं सियासी फिज़ाओं में खूब गूंजा था, लेकिन 1971 में गरीबी हटाओ नारे के साथ इंदिरा गांधी ने लोगों से भावनात्मक रिश्ता कायम करने में सफलता हासिल की। आम लोगों के दिल को छूने वाला यही नारा एक बड़ा मुद्दा बन गया। चुनाव प्रचार के दौरान इंदिरा गांधी लोगों से कहती थीं कि वह कहते हैं कि इंदिरा हटाओ, हम कहते हैं गरीबी हटाओ। इसी पर इंदिरा के समर्थन में एक और नारा लोकप्रिय हुआ...जात पर न पात पर, इंदिरा जी की बात पर, मुहर लगेगी हाथ पर।

1977 में जननायक जयप्रकाश नारायण ने कांग्रेस के ख़िलाफ़ चुनाव में इंदिरा हटाओ, देश बचाओ का नारा दिया था। उस साल जनता पार्टी ने कांग्रेस को हराकर जीत हासिल की और इसमें इस नारे का बहुत बड़ा हाथ था। 1996 और 1998 के चुनावी मैदान में राजतिलक की करो तैयारी आ रहे अटल बिहारी

को खूब लोकप्रियता मिली, लेकिन इसके बाद हुए आम चुनाव में बीजेपी का इंडिया शाइनिंग नारा पूरी तरह से धाराशायी हो गया था। इसी चुनाव में समाजवादी पार्टी का मुलायम तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं भी खूब गूंजा था। 2014 से 2019 लोकसभा चुनाव में हर-हर मोदी और मोदी है तो मुमकिन है का नारा भी चुनावी रणक्षेत्र में खूब गूंजा। भाजपा की हर रैली में इस नारे का शोर रहा। इसका असर यह रहा कि 2014 में भाजपा का वोट प्रतिशत तेजी से बढ़ा। आज की तारीख में लोकसभा चुनाव के लिए नारों का शोर गली-मोहल्लों में भले ही न सुनाई दे रहा हो, लेकिन सोशल मीडिया के माध्यम से जन-जन तक पहुंच बना रहे हैं। इनका असर पहले से अधिक प्रभावी है। आजादी के बाद हुए आम चुनाव से अभी तक नारों के तेवर ने बनते बिगड़ते समीकरणों में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। कब जनता के बीच कौन सा नारा सिर चढ़ कर बोला इसकी बात की जाये तो वर्ष 1952 में खरा रुपैया चांदी का, राज महात्मा गांधी का और देश की जनता भूखी है,यह आजादी झूठी है खूब हवा में उछला था। इसी तरह वर्ष 1957 में जली झोपड़ी भागे बैल,यह देखा दीपक का खेल, जिस दीपक में तेल नहीं, सरकार बनाना खेल नहीं। वर्ष 1962 में, जाटव-मुस्लिम भाई-भाई, बाकी कौम कहां से आई। सिंहासन खाली करो जनता आती है। वर्ष 1967 में जय जवान जय किसान। वर्ष 1977 में बेटा कार बनाएगा, मां सरकार बनाएगी।यह नारा संजय गांधी और इंदिरा गांधी पर कटाक्ष करते हुए गढ़ा गया था। इसी के साथ जमीन गर्क चकबंदी में, मकान ढह गया हटबंदी में। दरवाजे पर खड़ी औरतें चिल्लाएं, मेरा मर्द गया नसबंदी में भी काफी प्रभावी रहा था। वर्ष 1980 में इंदिरा जी की बात पर मुहर लगेगी हाथ पर, का नारा लगा। वर्ष 1984 में जब तक सूरज चांद रहेगा, इंदिरा तेरा नाम रहेगा। उठे करोड़ों हाथ हैं, राजीव जी के साथ हैं। वर्ष 1996 में ‘सबको देखा बारी-बारी, अबकी बारी अटल बिहारी।’ महंगाई जो रोक न पाई वो सरकार निकम्मी है जो सरकार निकम्मी है वो सरकार बदलनी है। वर्ष 2004 में शाइनिंग इंडिया, कांग्रेस का हाथ, आम आदमी के साथ नारे की धूम रही थी। वर्ष 2014 में ‘अबकी बार मोदी सरकार, अच्छे दिन आने वाले हैं और हर हर मोदी, घर घर मोदी। वर्ष 2019 में ‘सबका साथ सबका विकास’, ‘मोदी है तो मुमकिन है। मोदी हटाओ, देश बचाओ, अब होगा न्याय। इस बार वर्ष 2024 में मोदी की गांरटी, अबकी पार 400 पार। कांग्रेस का हाथ बदलेगा हालात सपा का ‘घर घर बेरोजगार मांगे रोजगार卐 नारा चर्चा है।

अब तो चुनावी नारों के साथ-साथ राजनीतिक विरोधियों पर हमला करने से लेकर मतदाताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने तक, लोकप्रिय बॉलीवुड फिल्मों के कई हास्य तत्वों सहित रंगीन मीम्स की सोशल मीडिया पर बाढ़ भी देखने को मिलती है, इंस्टाग्राम से लेकर एक्स तक, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चुनावों से पहले राजनीतिक बढ़त के लिए कड़वे पोस्टर युद्ध और यहां तक कि कड़वे मीम की लड़ाई भी देखी जा सकती है। मतदाताओं, विशेषकर युवा और पहली बार मतदाताओं तक पहुंचने के लिए मीम्स का इस्तेमाल किया है, जो कई बार विचित्र होते हैं। राजनीतिक पार्टियां प्रचार के साथ ही एक दूसरे पर हमला बोलने जबकि चुनाव आयोग वोटरों को मतदान केंद्र तक लाने के लिए इनका प्रयोग कर रहा है। मीम के साथ ही स्लोगन पोस्टर फिल्मी डायलाग का जमकर इस्तेमाल हो रहा है। चुनाव आयोग ने एक्स पर पोस्ट किया है कि हम मतदान को लेकर उत्साहित हैं क्या आप भी तैयार हैं। वहीं, राजनीतिक पार्टियों ने एक दूसरे पर हमले और प्रचार के लिए इसका प्रयोग किया है। भाजपा के सोशल मीडिया फीड पर मुख्य रूप से तस्वीरें और नारे हावी रहे हैं। जैसे मोदी की गारंटी और विकास भी, विरासत भी। वहीं, कांग्रेस ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें भाजपा पर व्यंग्यात्मक टैगलाइन, बेरोजगारी बहुत है, बाकी सब ठीक है,के साथ कटाक्ष किया गया। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले राजनीतिक दलों के एक-दूसरे पर हमले जारी हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी ने सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक फोटो शेयर करते हुए उन्हें मीम मटीरियल ऑफदि ईयर बताया। जिसके कैप्शन में लिखा, ये अवॉर्ड तो बनता है। दरअसल, बीते 09 मार्च को दिल्ली के भारत मंडपम में पीएम मोदी ने क्रिएटर्स अवॉर्ड दिए। इसी दौरान की एक फोटो एडिट करके बीजेपी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर शेयर की जिसमें पीएम मोदी राहुल गांधी को एक अवॉर्ड देते हुए दिख रहे हैं। इस अवॉर्ड पर ‘जोकर’ लिखा हुआ है। साथ ही अंग्रेजी में लाइन लिखी गई कि मीम मटीरियल ऑफ दि ईयर- राहुल गांधी। जिसका बीजेपी वालों ने कैप्शन लिखा, ये अवॉर्ड तो बनता है।

हर फिक्र को धुएं में उड़ाता

रजनीश कपूर

साल 1961 की बहुचर्चित फिल्म ‘हम दोनों’ का गाना ‘हर फिक्र को धुएं में उड़ाता’ सबने सुना होगा। धूम्रपान करने वालों ने भी इसे अवश्य सुना होगा।

फिल्म में गाने के बोल इस तरह दर्शाए गए कि फिल्म का हीरो अपने सभी फिक्र और चिंताओं को धुएं के कश में उड़ा देता है और चिंता मुक्त हो जाता है, परंतु क्या यह सही है कि मात्र सिगरेट के कश भरने और धुआं उड़ाने से आपकी चिंताएं खत्म हो जाएंगी? इसका उत्तर है नहीं। बल्कि यदि आपको धूम्रपान की लत लग जाए तो आपकी स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं बढ़ जरूर जाएंगी।

आज जानते हैं कि ऐसा क्या है, इस चंद लम्हे की मामूली सी खुशी में, जो लाखों करोड़ों को इसकी लत लगा देती है। दरअसल, सिगरेट में मौजूद तंबाकू में निकोटीन पाया जाता है जो कश लेते ही बड़ी तेजी से आपके फेफड़े में समा जाता है और कुछ ही क्षण में दिमाग तक पहुंच जाता है।

दिमाग में पहुंचते ही इसका संपर्क ‘नर्व सेल’ से होता है और इसके असर से डोपामाइन नाम का रसायन बाहर आता है। यह रसायन आपके दिमाग को संकेत देता है कि कुछ अच्छा करने से आपको इनाम मिल सकता है। विशेषज्ञों की मानें तो, यह रसायन आपको ऐसा इशारा देता है कि आप एक बार दोबारा सिगरेट का कश भर लेते हैं। एक शोध के अनुसार सिगरेट की लत से प्रभावित लोगों, जिन्हें गले का कैंसर हुआ था, की गले की नली को काट कर अलग करना पड़ा। उपचार के बाद भी इस लत ने उनका पीछा नहीं छोड़ा और वे दोबारा धूम्रपान करने को मजबूर थे। विशेषज्ञों के अनुसार दिमाग के जिस हिस्से को ‘एनिमल पार्ट’ कहा जाता है, उससे ही निकोटीन की लत पर काबू पाया जा सकता है। नशीले पदार्थ हमारे दिमाग के ‘एनिमल पार्ट’ को इस कदर उकसाते हैं कि वो ऐसे संदेश भेजता है कि हम ऐसा बार-बार करें। वहीं दिमाग का दूसरा हिस्सा हमें ऐसा करने से रोकता भी है। नशे की लत की गिरफ्त में लोग अक्सर इस संघर्ष से जूझते रहते हैं।

इस लत का इस बात से कोई लेना-देना नहीं है कि आप कितने समझदार हैं, बल्कि आपका दिमाग निकोटीन या अन्य नशीले पदाथरे पर किस तरह प्रतिक्रिया देता है। यदि समय रहते और सही संगति के चलते नशा या धूम्रपान रोक दिया जाए तो बेहतर हो परंतु ऐसा बहुत कम होता है। सिगरेट की लत के लिए केवल निकोटीन ही जिम्मेदार नहीं होती। इसके लिए एक प्रमुख भूमिका सिगरेट बनाने वाली कंपनियों और उनके द्वारा जारी किए भ्रामक विज्ञापन भी उतने ही जिम्मेदार हैं। पश्चिमी देशों में जैसे ही निकोटीन की लत को लेकर सवाल उठने लगे तो कुछ लोगों ने इसकी जड़ तक जाने की सोची।

उन्होंने वैज्ञानिक तरीकों से साबित कर दिया कि सिगरेट के धुएं में कुछ भी लाभदायक नहीं होता। इतना ही नहीं, यह न केवल धूम्रपान करने वाले, बल्कि उसके आस-पास के लोगों के लिए भी काफी हानिकारक साबित हो सकता है। जैसे-जैसे यह अभियान तेजी पकड़ने लगा, धूम्रपान पर सार्वजनिक जगहों पर प्रतिबंध भी लगने लगा। सिगरेट पर अतिरिक्त और बढ़े हुए कर भी लगाए जाने लगे जिससे इसकी कीमत में भी बढ़ोतरी हुई। साथ ही, सिगरेट के डब्बों पर भी स्वास्थ्य संबंधित चेतावनियां भी छापी जाने लगीं परंतु इन सबके चलते भी पश्चिमी देशों की बड़ी-बड़ी सिगरेट कंपनियों ने हार नहीं मानी। ज्यादा मुनाफा कमाने की नीयत से इन कंपनियों ने विकासशील देशों और उन देशों का रु ख करना शुरू कर दिया जहां नियम और कानून सख्त नहीं थे।

इन देशों में आम नागरिक धीरे-धीरे इन कंपनियों की मार्केटिंग के मायाजाल में बड़ी आसानी से फंस गए। देखते ही देखते इन कंपनियों की फिर से चांदी होने लगी। सोचने वाली बात यह है कि लोग धूम्रपान के आदी कैसे बन जाते हैं? कुछ लोग सिगरेट पीने को ‘स्टेटस सिंबल’ या सामाजिक स्थिति का संकेतक मानते हैं। समझते हैं कि धूम्रपान करना ऐसी आदत है जो किसी विशेष वर्ग में आपको बड़ी आसानी से स्थान देती है, परंतु इस स्थान पाने की होड़ में आप अपनी सेहत से खिलवाड़ कर लेते हैं।

इस लत के चलते न सिर्फ आप अपनी सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं, परंतु अपने घरेलू बजट का भी नुकसान कर रहे हैं। ज्यों-ज्यों आपकी यह लत बढ़ती जाएगी आपकी जेब पर भार भी बढ़ेगा। धूम्रपान करने से मिलने वाला आंशिक ‘सुकून’ बड़ी मात्रा में आपके स्वास्थ्य पर असर करता है, और यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। इसलिए आप जब भी धूम्रपान करते किसी व्यक्ति को देखें या स्वयं अगला कश लगाने लगें तो यह सवाल अवश्य पूछें कि क्या वास्तव में धूम्रपान करने से फिक्र धुएं में उड़ रहे हैं? कहीं ऐसा तो नहीं फिक्र उड़ने की बजाय और बढ़ रहे हों?

उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी

प्रमोद भार्गव

राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं।

21 वर्ष की खींचतान और दुनिया भर में हुए अध्ययनों के बाद तय हो गया कि ‘आर्य सभ्यता’ भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय ‘राखीगढ़ीमैन’ के नाम से प्रसिद्ध प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12 की किताब में बदलाव किया गया है। इतिहास की पुस्तक में ‘ईट, मोती और हड्डियां = हड़प्पा सभ्यता’ पाठ में आर्यों को मूल भारतीय बताया गया है। कक्षा 7, 8, 10 व 11 की इतिहास व समाजशास्त्र की पुस्तकों में भी बदलाव किया गया है।

इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है, इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है परंतु अब आर्यों के भारतीय होने संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय के टॉमस कीवी शील्ड ने किया था।

2003 में ‘अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स’ में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यों को भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि 2009 में वाराणसी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी

आनुवांशिक परीक्षण के बाद आयरे को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। एनसीआरईटी की इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं।

इसी पुस्तक में मराठा शासक छत्रपति शिवाजी के नाम के साथ छत्रपति और महाराज जोड़ा गया है। कक्षा 12वीं के समाजशास्त्र विषय के पाठ्यक्रम से सांप्रदायिक दंगों के चित्र हटाए गए हैं। इतिहास की पुस्तकों में यह बदलाव सिनौली-राखीगढ़ी में हुए उत्खननों में मिले साक्ष्यों के आधार पर संभव हुआ है। गोया, अब यह अवधारणा पलट गई है कि आर्य न तो विदेशी थे और न ही उन्होंने भारत पर आक्रमण किया। हरियाणा के हिसार जिले के राखीगढ़ी में पुरातत्वीय खुदाई में 5000 साल पुराने मिले दो मानव कंकालों के डीएनए अध्ययन के निष्कर्ष से यह धारणा सामने आई है। इन कंकालों में एक पुरुष और एक स्त्री का था। इनके कई नमूने लेकर उनका आनुवांशिक अध्ययन पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग, भारत सरकार, डेक्कन विश्वविद्यालय पुणे, सीसीएमबी, हैदराबाद और हार्वड स्कूल ऑफ मेडिसन बोस्टन, यूएसए ने किया है। डीएनए विश्लेशण में यह भी स्पष्ट हो गया है कि आर्य और द्रविड़ मूल भारतीय हैं। आर्य हमलावर के रूप में विदेश से आए होते और नरसंहार किया होता तो मानव कंकालों के शरीर पर घावों के निशान होते। भारतीय संस्कृति और भाषाएं नष्ट हो गई होतीं। ऐसा होता तो आक्रमण की बात सिद्ध होती। व्यापार, पर्यटन आदि के लिए भारत में विदेशी आते रहे और भारतीय भी विदेश जाते रहे, इन कारणों से जीन में मिलावट होती रही हैं।

प्रो. शिंदे ने राखीगढ़ी के उत्खनन के समय बताया था कि अलग-अलग खुदाई में 106 से भी ज्यादा नर-कंकाल मिले। भिन्न आकार-आकृति के हवन-कुंड और कोयले के अवशेष भी मिले हैं। तय है कि भारत में 5000 साल पहले हवन होते थे। यहीं सरस्वती और इसकी सहायक दृश्यवंती नदी के किनारे हड़प्पा सभ्यता के निशान मिले हैं। ये लोग सरस्वती की पूजा करते थे। आनुवांशिक अनुसंधान ऐतिहासिक-अवधारणाओं को बदलने के ये आधार बने हैं। ‘आर्यों’ के ऊपर ‘आनुवांशिकी’ के आधार पर पहले भी एक शोध सामने आया है। उससे तय हुआ है कि भारतीयों की कोशिकाओं का जो आनुवांशिकी ढांचा है, वह बहुत पुराना है।

डीएनए के आधार पर एक महत्त्वपूर्ण खोज से साबित हुआ है कि भारत के बहुसंख्यक लोगों के दक्षिण भारतीय दो आदिवासी समुदाय पूर्वज हैं। गंगा घाटी से आयरलैंड तक की भाषाएं आर्य परिवार की आर्य भाषाएं हैं। इसी कारण इन भाषाओं में लिपि एवं उच्चारण की भिन्नता होने के बावजूद अपभ्रंशी समरूपता है और इन भाषाओं का उद्गम स्रोत संस्कृत है। बंगाली इतिहासकार एसी दास इस स्थान अथवा मूल भारतीयों का निवास स्थल ‘सप्त सिंधु’ मानते हैं, जो पंजाब में था। अब आर्यों के मूल भारतीय होने की अवधारणा को मान्यता मिल रही है। तब इतिहास के इस तथ्य के बदलाव को केवल शालेय पुस्तकों में परिवर्तन तक सीमित न रखते हुए उच्च शिक्षा में भी बदलाव जरूरी हैं।

गर्मियों में छोटे बच्चों की स्किन हो जाती है ड्राई? इस तरह करें उनकी त्वचा की देखभाल

गर्मी के मौसम में हर व्यक्ति अपनी स्किन की प्रॉपर केयर करता है। धूप, गर्मी और पसीने से बचाने के लिए वे अपनी त्वचा पर तरह-तरह के प्रोडक्ट्स लगाते हैं। टैनिंग और सनबर्न से बचने के लिए वे सनस्क्रीन अप्लाई करते हैं। ये समर स्किन केयर रूटीन को फॉलो करना जरूरी भी है। लेकिन किशोर और युवा अपनी त्वचा की देखभाल खुद कर लेते हैं। लेकिन बच्चे अपनी त्वचा की देखभाल खुद से नहीं कर सकते हैं। ऐसे में माता-पिता को ही अपने बालों की त्वचा की देखभाल करनी होती है। जिस तरह गर्मियों में बड़ों की स्किन को देखभाल की जरूरत होती है। उससे ज्यादा बच्चों की त्वचा को केयर की जरूरत पड़ती है। दरअसल, बड़ों की तुलना में बच्चों की त्वचा ज्यादा सेंसिटिव होती है। उनकी स्किन की लेयर काफी पतली होती है। इसकी वजह से उनकी स्किन ड्राई हो सकती है। उनकी त्वचा पर रैडेश, रेडनेस और जलन जैसी समस्याएं पैदा हो सकती है। ऐसे में अगर आपके बच्चे की त्वचा भी गर्मियों में ड्राई हो जाती है, तो आप इन तरीकों से उसकी त्वचा की देखभाल कर सकते हैं।

सनस्क्रीन लगाएं

अगर बच्चा 6 महीने से छोटा है, तो उसकी त्वचा पर सनस्क्रीन अप्लाई करने से बचना चाहिए। लेकिन अगर 6 महीने से अधिक उम्र का है, तो सनस्क्रीन अप्लाई किया जा सकता है। बच्चे की त्वचा पर 30 या उससे अधिक एसपीएफ वाले सनस्क्रीन लगाने चाहिए। इससे त्वचा का धूप से बचाव होगा। साथ ही, स्किन मॉइश्चराइज भी रहेगी। बच्चों की त्वचा काफी सेंसिटिव होती है, इसलिए 6 महीने से कम उम्र के बच्चों पर सनस्क्रीन लगाने से बचना चाहिए। साथ ही, बच्चे पर बार-बार सनस्क्रीन लगाने के बजाय कोशिश करें कि उसे धूप में ले जाने से बचें। लेकिन अगर किसी कारणवश बाहर जाना पड़ रहा है, तो सनस्क्रीन बिल्कुल स्किप न करें।

मॉइश्चराइजर लगाएं

आजकल मार्केट में कई तरह के मॉइश्चराइजर आ गए हैं। आप भी अपने बच्चे की स्किन टाइप के अनुसार मॉइश्चराइजर चुन सकते हैं। आप चाहें तो होममेड मॉइश्चराइजर भी बना सकते हैं। अगर गर्मियों में छोटे बच्चों की त्वचा ड्राई हो जाती है, तो दिन में दो बार त्वचा को मॉइश्चराइज करें। इससे त्वचा में नमी बनी रहेगी और ड्राईनेस दूर होगी। इससे बच्चे की त्वचा मुलायम और कोमल बनी रहेगी।

नारियल का तेल

छोटे बच्चों की त्वचा के लिए नारियल का तेल काफी उपयोगी हो सकता है। अगर आपके बच्चे की गर्मियों में स्किन ड्राई रहती है, तो नारियल तेल लगाना काफी अच्छा साबित हो सकता है। नारियल के तेल में मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो त्वचा में नमी बनाए रखते हैं। इसलिए आपको अपने बच्चे की त्वचा पर नारियल के तेल को लगाते रहना चाहिए। नारियल का तेल ठंडा होता है, इसलिए इसे गर्मियों के लिए भी अच्छा माना जाता है। लेकिन आपको बच्चों की त्वचा पर हमेशा कोकोनट वर्जिन ऑयल ही लगाना चाहिए।

ज्यादा बार न नहलाएं

बच्चे को गर्मी से राहत दिलाने के लिए अकसर माएं उन्हें ज्यादा समय तक नहलाती रहती हैं। लेकिन आपको कभी भी बच्चों को ज्यादा समय तक नहीं नहलाना चाहिए। इससे बच्चों की स्किन से नमी खत्म हो सकती है। इससे स्किन ड्राई और बेजान नजर आ सकती है। साथ ही, बच्चे को नहलाते समय ज्यादा प्रोडक्ट्स का भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।

डाइट का रखें ख्याल

गर्मियों के मौसम में बच्चों की डाइट का भी खास ख्याल रखना जरूरी होता है। गर्मियों में बच्चों को फलों का जूस पिलाएं। फलों और हरी सब्जियां खिलाएं। साथ ही, उनकी डाइट में विटामिन ई और ओमेगा-3 फैटी एसिड भी शामिल करें। इससे उनकी स्किन पर चमक बनी रहेगी और ड्राई नहीं होगी।

बालों की ग्रोथ में मदद करेंगे सदाबहार के पत्ते, इस तरह से करें इस्तेमाल

लंबे, काले-घने, सुंदर और चमकते हुए बालों की चाहत कई महिलाओं और लोगों को होती है। लेकिन एक समय के बाद बाल अपनी मजबूती, घनापन और चमक खोने लगते हैं। ऐसा होने के कई कारण होते हैं। वैसे बालों की समस्या का सबसे बड़ा कारण प्रदूषण और शरीर में पोषक तत्वों की कमी को माना जाता है। ऐसे में कई लोग अपनी डाइट पर ध्यान देते हैं और बालों की केयर के लिए कई तरह के हेयर प्रोडक्ट यूज करते हैं। लेकिन इसके बाद भी कोई बदलाव बालों में नजर नहीं आता है। ऐसे में आपको चाहिए कि आप कुछ नेचुरल होम रेमिडीज या हेयर मास्क को आजमाकर देखें। सदाबहार के फूलों की ऐसी हेयर रेमिडीज या हेयर मास्क के बारे में बता रहे हैं। जिसके इस्तेमाल से आपके बालों की खोई हुई चमक और मजबूती लौट आएगी।

सदाबहार फूल के गुण

प्रकृति में कई तरह के फूल खिलते हैं। इनमें से ही एक सदाबहार का फूल भी है, यह फूल पूरे साल खिलता है। साथ ही इसमें एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल प्रॉपर्टीज भी होती हैं। यही प्रॉपर्टीज आपके बालों की समस्या को दूर करने में मददगार साबित होती हैं।

क्या होते हैं फायदे

अपनी एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल क्वालिटी के कारण सदाबहार का फूल कई हेयर प्रॉब्लम को दूर करता है। जब आप सदाबहार के हेयर पैक का इस्तेमाल अपने बालों पर करते हैं तो इससे ड्रैंड्रफ जैसी समस्या आसानी से दूर हो जाती है। जब ड्रैंडफ की दिक्कत दूर होती है तो आपके बालों की ग्रोथ बेहतर होने लगती है। इसके अलावा सदाबहार के फूलों के हेयर मास्क लगाने से स्कैल्प में रक्त का प्रवाह भी बढ़ता है, जिससे बालों की कंडीशन बेहतर होने लगती है, यह पहले से ज्यादा स्वस्थ, चमकदार और घने हो जाते हैं। इसके अलावा जिन लोगों के बाल समय से पहले सफेद होने लगते हैं, उनकी दिक्कत को भी सदाबहार का फूल और पत्तियां दूर करते हैं।

बालों की ग्रोथ के लिए सदाबहार के फूलों का इस्तेमाल कैसे करें?

- आप अपने बालों में सदाबहार के फूलों का इस्तेमाल कई तरीकों से कर सकते हैं।
- सदाबहार के फूलों को धूप में सूखा लें। बाद में इनका पावडर बना लें। इस पावडर को आप नारियल के तेल में मिलाकर स्कैल्प पर लगाएं। कुछ समय तक यह मास्क बालों मे लगे रहने दें। इसके बाद बालों को धो लें।
- आप सदाबहार के फूलों को, नीम की पत्तियों के साथ पीसकर हेयर मास्क या पैक बना सकते हैं। इसे आप अपने बालों की जड़ों पर अच्छे से लगाएं। इस हेयर पैक के कारण आपके बालों की चमक लौट आएगी और ड्रैंडफ जैसी समस्या भी दूर होगी।
- अगर आपके बाल सफेद हो रहे हैं तो आप सदाबहार के फूल और पत्तियों का इस्तेमाल कीजिए। इसके लिए आप एक बर्तन में पानी गर्म कीजिए और इसमें एक या दो चम्मच चायपत्ती मिलाकर उबाल लीजिए। इस पानी को ठंडा होने के लिए अलग रख दीजिए, बाद में इसी पानी में सदाबहार के फूल और पत्तियां मिलाकर पीस लीजिए। इस पेस्ट को बालों पर लगाएं, कुछ घंटों तक लगे रहने दें, इसके बाद बालों को धो लें। आप पाएंगे कि सफेद बालों पर काला रंग चढ़ गया है। यह हेयर पेस्ट एक तरह से नेचुरल हेयर ड्राई का काम करता है।

किन बातों का रखें ध्यान

- बालों पर सदाबहार के हेयर मास्क या पैक लगाने के साथ आपको कुछ और बातों का ध्यान भी रखना चाहिए।
- बालों को उनके नेचर के हिसाब से वॉश करना चाहिए। जैसे ड्राय और कर्ल बालों को हफ्ते में दो बार धोएं। वहीं ऑयली हेयर को हफ्ते में तीन बार धोएं।
- बालों में इस्तेमाल होने वाली कंघी को भी साफ-सुथरा रखें। इससे कई तरह के स्कैल्प इंफेक्शन से आप बच जाएंगे।

आंवला पाउडर और बादाम तेल से बालों को बनाएं मजबूत और चमकदार, इसे बनाने का तरीका

आज के दौर में बालों की समस्या से हर दूसरा व्यक्ति परेशान है। बालों का रुखापन और डैंड्रफ की वजह से बाल तेजी से कमजोर होने लगते हैं। साथ ही पोषण की कमी भी बालों की समस्या का एक मुख्य कारण होता है। इसके अलावा बालों में शाइन के लिए बाजार में कई तरह के प्रोडक्ट मौजूद हैं, जब आप इन प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं तो इनमें मौजूद हानिकारक कैमिकल आपके बालों को डैमेज करते हैं। लेकिन बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए आप घरेलू उपाय अपना सकते हैं। इन उपायों से आप बालों की ग्रोथ को बेहतर कर सकते हैं। बालों की समस्याओं को दूर करने के लिए सदियों से आंवला और बादाम तेल का उपयोग किया जाता है। आंवला और बादाम तेल में प्रोटीन, फोलिक एसिड और विटामिन ई के अलावा अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं। साथ ही इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स, एंटी बैक्टीरियल और एंटी-फंगल गुण होते हैं, जो बालों की समस्याओं को कम करते हैं।

दो मुंह बालों की समस्या को करें दूर : आंवला और बादाम तेल से आप बालों को डैमेज होने से बचा सकते हैं। इन दोनों के हेयर मास्क से आप दो मुंहे बालों की समस्या से निजात पा सकते हैं। इससे बालों की स्कैल्प को पोषण मिलता है, जिससे बाल मजबूत बनते हैं और उसकी ग्रोथ तेजी से होते हैं।

डैंड्रफ की समस्या को करता है दूर : डैंड्रफ की समस्या को दूर करने के लिए आप आंवला और बादाम तेल का उपयोग कर सकते हैं। इन दोनों को मिलाकर बालों की जड़ों पर लगाने से स्कैल्प मॉइस्चर होती है, जिससे बालों की डैंड्रफ दूर होती है।

बालों की ग्रोथ में सहायक : आंवला और बादाम तेल से स्कैल्प की मसाज करने से सिर में ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है। ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होने से बालों की जड़ों तक ऑक्सीजन पहुंचती है, जिसकी वजह से बालों की ग्रोथ तेजी से होने लगती है।

बालों को सफेद होने से रोकें : आंवला और बादाम तेल में विटामिन सी प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। यह समय से पहले सफेद होने वाले बालों को नैचरुली ब्लैक बनाने में सहायक होता है। इसके साथ ही बादाम तेल में मौजूद विटामिन ई बालों को मुलायम बनाने का काम करता है।

डेस्क जॉब करते हैं आप तो ऐसे रखें अपनी हेल्थ का ख्याल

आज के समय में अधिकतर लोग डेस्क जॉब करते हैं। ऑफिस से लेकर घर पर घंटों एक ही सीट पर बैठकर काम करने से सेहत पर बुरा असर पड़ता है। डेस्ट जॉब करने वाले अधिकतर लोगों की लाइफस्टाइल बहुत एक्टिव नहीं होती है। खुद को एक्टिव ना रखने से अतिरिक्त कैलोरी बर्न नहीं हो पाती है। साथ ही साथ, घंटों एक ही जगह पर बैठना सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

करें वर्कआउट : चूंकि आपका काम ऐसा है कि आपको लंबे समय तक बैठना पड़ता है। इसलिए, अपनी लाइफ को अधिक एक्टिव बनाने के लिए आप अपने दिन की शुरुआत किसी ना किसी तरह के वर्कआउट के साथ ही करें। आप जॉगिंग से लेकर योगा आदि किसी भी तरह का वर्कआउट कर सकते हैं। इससे ना केवल आपको फिजिकली फिट होने में मदद मिलेगी, बल्कि मेंटल लेवल पर भी आपको फायदा होगा।

लें ब्रेक : अूममन यह देखने में आता है कि जब लोग एक बार अपनी डेस्क पर बैठ जाते हैं तो घंटों एक ही सीट पर बैठकर काम करते रहते हैं। हालांकि, ऐसा करने से ना केवल तेजी से वजन बढ़ता है, बल्कि शरीर में दर्द की शिकायत भी होती है। इसलिए, काम के बीच में ब्रेक लेते रहें। अपनी सीट से उठें और हल्की चहलकदमी करें। इससे आपको हेल्दी रहने में मदद मिलेगी।

लाइफस्टाइल में करें बदलाव : भले ही आपको कई घंटों तक बैठना पड़ता है और इसलिए आप खुद का अधिक ध्यान नहीं रख पाते हैं। ऐसे में हेल्दी रहने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपने लाइफस्टाइल में बदलाव करें। मसलन, ऑफिस में आप ऊपर-नीचे जाने के लिए लिफ्ट की जगह सीढ़ियों का इस्तेमाल करें। जब आप मार्केट जा रहे हैं तो गाड़ी का इस्तेमाल करने की जगह पैदल जाएं। इससे आपको खुद को हेल्दी रहने में मदद मिलेगी।

वाटर इनटेक का रखें ध्यान : यह देखने में आता है कि जब हम घंटों बैठकर काम करते हैं तो बीच-बीच में मंचिंग करने का मन करता है। यहां तक कि कभी-कभी तो हमारा शरीर प्यास को ही भूख समझ लेता है और फिर ऐसे में हमें कुछ खाने की इच्छा होती है। इसलिए, अपने वाटर इनटेक पर खासतौर से ध्यान दें। आप चाहें तो इसके लिए अपने फोन या कंप्यूटर पर रिमाइंडर सेट करें।

गले में कुछ अटक गया है तो अपनाएं ये घरेलू उपाय

सर्दी-जुकाम या खांसी होने पर गले में बलगम फंसना एक आम समस्या है। लेकिन कई बार गले में भोजन के टुकड़े या कई अन्य चीजें फंस जाती हैं, जिसकी वजह से व्यक्ति परेशान हो सकता है। आपको बता दें कि जब हम कुछ खाते हैं, तो कई मांसपेशियां और नसें मिलकर भोजन को मुंह से पेट तक ले जाने का काम करती हैं। ऐसे में जब इस प्रक्रिया के दौरान थोड़ी-सी गड़बड़ी होती है, तो खाना गले से नीचे नहीं जा पाता है और गले में ही अटक जाता है। गले में फंसा भोजन व्यक्ति को काफी परेशान कर सकता है। इस स्थिति में व्यक्ति का दम घुट सकता है और सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। कई मामलों में गले में कुछ अटकने पर डॉक्टर से मिलना जरूरी होता है। लेकिन कुछ स्थितियों में घरेलू उपायों की मदद से भी गले में अटकी चीजें आसानी से निकल सकती हैं।

मक्खन

अगर आपके गले में कुछ अटक गया है, तो आप मक्खन का सेवन कर सकते हैं। मक्खन फूड पाइप को चिकना करने में मदद करता है। इससे गले में फंसा हुआ खाना आसानी से निकल जाएगा। दरअसल, मक्खन गले को नम करने में मदद करता है। इसलिए जब आपको लगे कि गले में कुछ अटक गया है, तो तुरंत मक्खन का सेवन कर लें।

दूध में भीगा हुआ ब्रेड का टुकड़ा

गले में खाना या कुछ अन्य पदार्थ अटक जाने पर आप ब्रेड का सेवन भी कर सकते हैं। इसके लिए आप ब्रेड का टुकड़ा लें। इसे पानी या दूध में भिगोकर रख दें। फिर इस ब्रेड को खा लें। दूध में भिगोने से ब्रेड का टुकड़ा नम हो जाएगा। इससे गले में अटकी चीज आसानी से निकल जाएगी और आपको काफी आराम मिलेगा।

केला खाएं

अगर गले में कोई चीज अटक गई है, तो केला खाना फायदेमंद साबित हो सकता है। केले का एक टुकड़ा खाने से गले में अटकी चीज को निकालने में मदद मिल सकती है। जब आप केला खाते हैं, तो इससे गला नम होने लगता है। इससे गले में फंसी चीज निकल जाती है। केला को आसानी से गले से निगला जा सकता है। ऐसे में जब केला पेट में जाता है, तो गले में अटकी चीज भी केले के साथ ही अंदर चली जाती है।

सॉफ्ट ड्रिंक

गले में अटकी चीज को निकालने में सॉफ्ट ड्रिंक भी असरदार साबित हो सकता है। सॉफ्ट ड्रिंक गले को नमी प्रदान करता है और इससे निगलने की प्रक्रिया आसान बनाता है। सॉफ्ट ड्रिंक भोजन को तोड़ने में मदद करता है। इसलिए जब आप सॉफ्ट ड्रिंक पीते हैं, तो गले में अटकी चीज आसानी से पेट में चली जाती है।

पेपरमिंट टी

पेपरमिंट टी में मेन्थॉल होता है। यह शरीर को ठंडा रखने में मदद करता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-वायरल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं। अगर आपके गले में कुछ अटक जाता है, तो भी पेपरमिंट टी का सेवन करना लाभकारी हो सकता है।

लोकसभा चुनाव के बीच पाकिस्तान ने भारतीय राजनेताओं से कहा, हमें राजनीतिक फायदे के लिए मत घसीटो

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच ने भारतीय राजनेताओं से लोकसभा चुनावों के बीच अपने भाषणों में राजनीतिक लाभ के लिए पाकिस्तान को घसीटना बंद करने का आग्रह किया।

भारत में लोकसभा चुनाव चल रहे हैं। चुनावी मौसम के बीच, रक्षा मंत्री, विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत की पीओके पिच को मजबूत किया है। इस बीच भारत ने 25 अप्रैल को कहा कि पाक-ईरान संयुक्त बयान में कश्मीर मुद्दे का उल्लेख होने के बाद वह ईरानी पक्ष तक पहुंच गया है। भारत के सख्त पीओके रुख से नाराज पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने 26 अप्रैल को भारत के दावे को खारिज कर दिया। पाक के विदेश कार्यालय स्पॉक्स ने कहा कि भड़काऊ बयानों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। पाक ने भारत को चेतावनी दी कि भड़काऊ बयानबाजी क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है। भारत पीओके सहित पूरे जम्मू-कश्मीर को भारत का हिस्सा बताते हुए दृढ़ रहा है। 04 अप्रैल को मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए, विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, हम यह कभी स्वीकार नहीं करेंगे कि पीओके भारत का अभिन्न अंग नहीं है। 21 अप्रैल को राजनाथ सिंह ने कहा कि हो रहे विकास को देखते हुए पीओके के लोग खुद भारत के साथ रहने की मांग करेंगे।

अब पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच ने भारतीय राजनेताओं से लोकसभा चुनावों के बीच अपने भाषणों में राजनीतिक लाभ के लिए पाकिस्तान को घसीटना बंद करने का आग्रह किया। उन्होंने इस्लामाबाद में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारतीय राजनेताओं को चुनावी उद्देश्यों के लिए भारत के लोकलुभावन सार्वजनिक प्रवचन में पाकिस्तान को घसीटने की अपनी लापरवाह प्रथा को बंद करने की जरूरत है।

बलूच को पाकिस्तान स्थित डॉन न्यूज ने बातचीत के लिए बुलाया था इसी दौरान उन्होंने कहा कि हम जम्मू-कश्मीर पर अनुचित दावे करने वाले भारतीय नेताओं के उत्तेजक बयानों में चिंताजनक वृद्धि देख रहे हैं। पाकिस्तान इन दावों को ख़ारिज करता है. अति-राष्ट्रवाद से प्रेरित, यह भड़काऊ बयानबाजी क्षेत्रीय शांति और संवेदनशीलता के लिए गंभीर खतरा पैदा करती है।

प्रवक्ता ने कहा, ऐतिहासिक और कानूनी तथ्यों के साथ-साथ जमीनी हकीकत भी जम्मू-कश्मीर पर भारत के निराधार दावों को खारिज करती है।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बार-बार कहा है कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं और हमेशा रहेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा, किसी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। 11 अप्रैल को मध्य प्रदेश के सतना जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, जिस तरह से जम्मू-कश्मीर विकास की ओर बढ़ रहा है, मुझे लगता है कि पीओके में लोग सोचते हैं कि उनका विकास केवल पीएम मोदी के हाथों ही संभव है, न कि पाकिस्तान. पीओके के लोग कह सकते हैं कि वे भारत के साथ रहना चाहते हैं। पीओके हमारा (भारत) हिस्सा था, है और हमेशा रहेगा।

इस महीने की शुरुआत में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था, पीओके के मुद्दे पर एक राष्ट्रीय रुख है, पार्टी का रुख नहीं. भारत की संसद ने एकजुट रुख अपनाया है और देश के हर राजनीतिक दल ने उस रुख का समर्थन किया है। हम यह कभी स्वीकार नहीं करेंगे कि पीओके भारत का हिस्सा नहीं है।

संक्षिप्त समाचार

भगत सिंह पर रखो चौक का नाम, पाकिस्तानी हाईकोर्ट का फैसला

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने शुक्रवार को यहां शादमान चौक का नाम स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह के नाम पर रखने के मुद्दे पर उच्च न्यायालय से और समय देने की मांग की। लाहौर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश शम्स महमूद मिर्जा, भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन पाकिस्तान की एक याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। याचिका में शादमान चौक का नाम बदलकर भगत सिंह के नाम पर रखने के अदालत के आदेश का पालन नहीं करने के लिए प्रांतीय और जिला सरकार के तीन शीर्ष अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्रवाई की मांग की गई थी। उच्च न्यायालय ने 2018 में सरकार को लाहौर स्थित शादमान चौक का नाम भगत सिंह के नाम पर रखने का आदेश दिया था। भगत सिंह को 93 साल पहले लाहौर में फांसी दी गई थी। पंजाब सरकार के सहायक महाधिवक्ता इमरान खान ने सुनवाई के दौरान अदालत से कहा कि शादमान चौक का नाम स्वतंत्रता सेनानी के नाम पर रखने की अधिसूचना जारी करने के लिए सरकार को और समय दिया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता के वकील खालिद जमा काकड़ ने दलील दी कि इस मामले में पहले ही काफी देर हो चुकी है। अदालत ने खान की दलील को स्वीकार कर लिया और सुनवाई सात जून तक के लिए स्थगित कर दी।

रूसी मिसाइल हमलों के बीच यूक्रेन में धमाके

कीव, एजेंसी। रूसी मिसाइल हमलों के बीच शुक्रवार देर रात कई यूक्रेनी क्षेत्रों में विस्फोटों की आवाज सुनी गई। यूक्रेन की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, विशेष रूप से विस्फोटों ने यूक्रेन के मध्य विनित्सिया क्षेत्र और पश्चिमी इवानो-फ्रैंकिव्स्क क्षेत्र को हिलाकर रख दिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने मेयर इहोर तेरखोव के हवाले से बताया कि यूक्रेन के पूर्वी शहर खार्किव में भी कई विस्फोट हुए। यूक्रेनी वायु सेना ने टेलीग्राम पर कहा कि रूस ने हवाई हमले के दौरान यूक्रेन पर क्रूज मिसाइलें और एयरोबॉलिस्टिक मिसाइलें दागीं। यूक्रेनी टेलीग्राम चैनलों ने चेतावनी दी कि रूस संभवतः यूक्रेन पर एक नए मिसाइल हमले की तैयारी कर रहा है।

कार दुर्घटना में इजरायली मंत्री घायल

यरूशलम, एजेंसी। इजरायल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्विर कार दुर्घटना में घायल हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। घटना इजरायल के मध्य शहर रमला में हुई। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने इजरायली मीडिया और ऑनलाइन प्रसारित एक वीडियो के हवाले से बताया, राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री का काला वाहन एक चौराहे पर पलट गया, जबकि एक अन्य कार क्षतिग्रस्त हो गई। मंत्री बेन-ग्विर के कार्यालय ने कहा, उनकी बेटी और एक ड्राइवर भी कार में थे और तीनों मामूली रूप से घायल हुए हैं। मंत्री ठीक हैं और होश में हैं, लेकिन उन्हें आगे के इलाज के लिए नजदीकी शमीर मेडिकल सेंटर पहुंचाया गया।

गाजा में इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34,356 हुई

गाजा, एजेंसी। गाजा पट्टी में जारी इजरायली हमलों में मरने वाले फिलीस्तीनियों की संख्या बढ़कर 34,356 हो गई है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजरायली सेना ने पिछले 24 घंटों के दौरान 51 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 75 अन्य घायल हो गए। 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल-हमास संघर्ष शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 34,356 हो गई है और 77,368 लोग घायल हुए हैं। कुछ पीड़ित अभी भी मलबे के नीचे और सड़कों पर हैं। इजरायली सेना ने एम्बुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल को उन तक पहुंचने से रोक दिया है। इस बीच, इजरायली अधिकारियों ने चिंता जताई कि गाजा के राफा में संभावित जमीनी कार्रवाई से इजरायल के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय कानूनी कार्रवाई हो सकती है। इजरायली पब्लिक कान रेडियो की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल हेग में अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय से एक और खतरे की तैयारी कर रहा है, जिसमें वरिष्ठ इजरायली अधिकारियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी होने की संभावना है। इजरायली मीडिया के अनुसार, इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने राफा में जमीनी ऑपरेशन की योजना को मंजूरी दे दी है, लेकिन अभी तक सेना को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी है।

रूस व यूरोप के बीच संबंध बहाल होने की संभावना नहीं-क्रेमलिन

मॉस्को, एजेंसी। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में रूस और यूरोप के बीच पहले की भांति संबंध बहाल होना संभव नहीं है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पेसकोव ने कहा, मॉस्को यूरोपीय देशों के साथ नए संबंध बनाते समय पिछले अनुभवों को ध्यान में रखेगा। उन्होंने कहा कि भौगोलिक पड़ोसी होने के नाते रूस और यूरोप को इस बात पर सहमत होना होगा कि हम कैसे रहेंगे।

जिस एयरपोर्ट को करोड़ों खर्च कर बनवाया, श्रीलंका ने उसका कंट्रोल भारत को दिया

कोलंबो, एजेंसी। श्रीलंका के हम्बनटोटा स्थित मटाला राजपक्षे इंटरनेशनल एयरपोर्ट के मैनेजमेंट की जिम्मेदारी भारत और रूस की कंपनी को दी गई है। यह फैसला चीन के लिए झटका माना जा रहा है। इस हवाई अड्डे का निर्माण 20.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर में किया गया है। एक समय उड़ानों की कमी की वजह से इसे दुनिया का सबसे सुनसान हवाई अड्डा करार दिया गया था। मटाला हवाई अड्डे का नाम पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के नाम पर रखा गया है। महिंदा राजपक्षे के करीब एक दशक के शासन में कई विशाल आधारभूत संरचना परियोजनाएं शुरू की गई जिनमें से यह एक है।

सरकारी प्रवक्ता और मंत्री बांदुला गुणवर्धने ने कहा कि श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने 9 जनवरी को संभावित पक्षकारों से रुचि पत्र आमंत्रित करने की मंजूरी दी थी। इसके बाद 5 प्रस्ताव प्राप्त हुए। कैबिनेट की ओर से नियुक्त सलाहकार समिति ने भारत की शौर्य एयरोनॉटिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड और रूस की एयरपोर्ट्स ऑफ रीजन्स मैनेजमेंट कंपनी को 30 वर्षों के लिए प्रबंधन करार देने का निर्णय लिया। गुणवर्धने ने बताया कि मंत्रिमंडल ने नागरिक विमानन और हवाई अड्डा सेवा मंत्री की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

इस प्रोजेक्ट के लिए चीन ने उच्च ब्याज दर पर कॉमर्शियल लोन दिया। इस परियोजना पर 20.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च हुए जिनमें से 19 करोड़ डॉलर की राशि चीन की एग्जिम बैंक ने उच्च ब्याज दर पर मुहैया कराई है। श्रीलंका सरकार 2016 से ही इस हवाई अड्डे के प्रबंधन के लिए वाणिज्यिक साझेदार की तलाश कर रही है क्योंकि उसे इससे भारी नुकसान हो रहा था। यहां यात्रियों की संख्या कम होने की वजह से लगातार उड़ानों की संख्या कम हो गई। साथ ये एयरपोर्ट पर्यावरण के लिहाज से भी काफी संवेदनशील रहा। लगातार घाटे में रहने के कारण एयरपोर्ट के निर्माण पर सवाल उठे। कई एक्सपर्ट ने कहा कि इस एयरपोर्ट का निर्माण करवाकर चीन ने श्रीलंका को एक और कर्ज जाल में फंसाया दिया। अब देखना होगा कि भारतीय और रूसी कंपनियों को मैनेजमेंट की जिम्मेदारी मिलने से क्या बदलाव आते हैं।

अमेरिका-मेक्सिको बॉर्डर के पास मालगाड़ी पटरी से उतरी, लगी आग

ह्यूस्टन, एजेंसी। पश्चिमी अमेरिका में एरिजोना-न्यू मैक्सिको बॉर्डर के पास शुक्रवार को गैसोलीन और प्रोपेन ले जा रही एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई, जिसके बाद इस रेल मार्ग को बंद कर गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने एनएमएसपी लेफ्टिनेंट फिल वर्गास के हवाले से बताया कि एरिज़ोना के पास पटरी से उतरने के बाद लगभग छह रेल कोच में आग लग गई और वे घंटों तक जलती रहीं। किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, घटना के बाद माइलपोस्ट 8 के पास अंतरराज्यीय राजमार्ग आई-40 पर पूर्व और पश्चिम की ओर जाने वाली लेन बंद कर दी गई। मैकिन्ले काउंटी शेरिफ कार्यालय ने कहा कि वे अभी बता नहीं सकते कि मार्ग कब खुलेगा। बीएनएसएफ रेलवे प्रवक्ता लेना केंट ने मालगाड़ी के पटरी से उतरने की पुष्टि की और कहा कि चालक दल को कोई चोट नहीं आई है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इस घटना की जांच चल रही है।

इजरायल ने राफा पर हमले रोकने के लिए 33 बंधकों की रिहाई की मांग की

तेल अवीव, एजेंसी। इजरायल ने गाजा पट्टी के दक्षिण में राफा शहर पर योजनाबद्ध हमलों को रोकने के लिए हमास से कम से कम 33 बंधकों को रिहा करने की मांग की है। इजरायली रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया, यह मांग मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया ने अपने खुफिया प्रमुख मेजर जनरल अब्बास कामेल के नेतृत्व वाले मिस्र के प्रतिनिधिमंडल के सामने रखी थी।

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फत्ताह अल-सिसी ने हाल ही में काहिरा की यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को राफा पर योजनाबद्ध हमले पर अपने देश की चिंता जताई थी। मिस्र को डर है कि राफा क्षेत्र पर हमले से नागरिक तबाही होगी। साथ ही मिस्र में बड़ी संख्या में शरणार्थियों का पलायन होगा क्योंकि राफा, देश के सिनाई क्षेत्र से सटा है।

इजरायल ने अपनी आंतरिक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, 129 इजरायली बंधकों में 33 लोग ऐसे हैं जो बुजुर्ग, महिला और बीमार की श्रेणी में आते हैं। इजराइल के मुताबिक, 129 बंधकों में से कई की मौत हो चुकी है। इजरायली खुफिया ने दावा किया है कि सैन्य कमांडर और 7 अक्टूबर 2023 के नरसंहार का मास्टरमाइंड याह्या सिनवार मानव ढाल के रूप में इजरायली बंधकों के साथ हमास सुरंगों में से एक में राफा में है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने योजनाबद्ध हमले से पहले ही राफा में अपनी विशिष्ट नाहल ब्रिगेड को तैनात कर दिया है।

तिरंगे के अपमान का ऐसा बदला, ब्रिटेन-कनाडा में खालिस्तान नेटवर्क की नींद ही उड़ गई



ब्रिटेन, एजेंसी। भारत ने खलिस्तायों पर ऐसा कड़ा प्रहार किया है कि अब तिरंगे की तस्वीर देख लेने भर से ही इनकी रूह कांप जाएगी। भारत द्वारा तिरंगे के अपमान का बदला लेने वाली खबर ने ब्रिटेन से लेकर कनाडा तक में हलचल मचा दी है। आपको याद होगा कि पिछले साल मार्च में 50 खालिस्तानियों के एक झुंड ने लंदन में भारतीय हाई कमीशन पर हमला कर दिया था। इन बुजदिल खालिस्तानियों ने लंदन हाई कमीशन पर लगे तिरंगे का अपमान किया था। लेकिन अब भारतीय हाई कमीशन पर हमले का मुख्य आरोपी इंदरपाल सिंह गाबा पकड़ा गया है। इंदरपाल सिंह गाबा को एनआईए ने गिरफ्तार किया है। इंदरपाल सिंह गाबा ठीक है गिरफ्तारी एक बड़ी सफलता है। इसने ब्रिटेन कनाडा में खालिस्तान नेटवर्क के नींद उड़ा दी है।

एनआईए ने खुद ही इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि ब्रिटेन के हाउंस्लो के निवासी इंद्रपाल सिंह गाबा को 22 मार्च को 2,000 से अधिक खालिस्तान समर्थक समर्थकों के उच्चायोग की इमारत में तोड़फोड़ और 19 मार्च को उच्चायोग की इमारत से भारतीय ध्वज को उतारने वाली घटना में उसकी कथित भूमिका के लिए दिल्ली में गिरफ्तार किया गया है। प्रदर्शनकारियों की तरफ से ये आयोजन ब्रिटेन स्थित सिख कट्टरपंथी और खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) नेता अवतार सिंह खांडा के मार्गदर्शन में किया गया था। ये वही खांडा है जिसकी जून 2023 में ब्रिटेन के एक अस्पताल में मृत्यु हो गई। खांडा खालिस्तानी आतंकवादी जगतार सिंह तारा का करीबी सहयोगी था। खालिस्तानियों की तरफ से यह प्रदर्शन 18 मार्च को वारिस पंजाब प्रमुख अमृतपाल सिंह के खिलाफ पंजाब पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के प्रतिरोध के तौर पर की गई थी।

तीन महीने बाद सार्वजनिक जिम्मेदारियां निभाने के लिए तैयार किंग चार्ल्स तृतीय, बकिंघम पैलेस ने दी जानकारी

लंदन, एजेंसी। किंग चार्ल्स तृतीय जल्द ही अपनी जिम्मेदारियां निभाने के लिए सार्वजनिक जीवन में लौटने को तैयार हैं। इस साल की शुरुआत में चिकित्सा विशेषज्ञों को कैंसर का पता चला था, जिसके बाद से उनके स्वास्थ्य में लगातार सुधार से काफी खुश थे। बकिंघम पैलेस ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। 75 वर्षीय किंग चार्ल्स अगले मंगलवार को अपनी पत्नी क्वीन कैमिला के साथ लंदन के एक कैंसर उपचार केंद्र का दौरा करेंगे। बकिंघम पैलेस ने बयान में कहा, किसी भी स्वास्थ्य जोखिम को कम करने के लिए आगे के सार्वजनिक जिम्मेदारियों वाले कार्यक्रमों को प्रबंधित किया जाएगा। इसमें आगे कहा गया, कैंसर के उपचार और स्वास्थ्य लाभ लेने के बाद किंग चार्ल्स जल्द ही सार्वजनिक जिम्मेदारियों में लौट आएंगे। बयान में कहा गया, किंग और क्वीन अगले मंगलवार को एक कैंसर उपचार केंद्र का दौरा करेंगे, जहां वे चिकित्सा विशेषज्ञों और रोगियों से मिलेंगे। आने वाले हफ्तों में किंग द्वारा की जाने वाली कई बाहरी गतिविधियों में यह पहली यात्रा होगी। बकिंघम पैलेस ने कहा कि किंग की मेडिकल टीम अब तक हुई प्रगति से बहुत खुश है। टीम उनके लगातार ठीक होने को लेकर पॉजिटिव बनी हुई है। छह मई को किंग चार्ल्स के राज्याभिषेक की पहली वर्षगांठ नजदीक आ रही है। पैलेस ने कहा, शाही परिवार पिछले साल की खुशियों के लिए दुनियाभर से मिली ढेरों शुभकानाओं के लिए बहुत आभारी है। बकिंघम पैलेस के एक प्रवक्ता ने कहा, किंग चार्ल्स का उपचार जारी रहेगा। डॉक्टर अब तक हुई प्रगति से काफी खुश हैं कि किंग अब कई सार्वजनिक जिम्मेदारियों को निभाने के लिए फिर से सक्षम हैं। किंग के निरंतर स्वास्थ्य में सुधार के लिए किसी भी जोखिम को कम करने के लिए जहां जरूरी होगा। प्रवक्ता ने कहा, जैसे-जैसे किंग के स्वास्थ्य में सुधार होगा, तो उनके कार्यक्रम की गति को उनकी मेडिकल टीम के साथ परामर्श से सावधानीपूर्वक प्रबंधित किए जाएंगे।

बंग्लादेश में पीएलए की तैनाती करेगा चीन, भारतीय सेना से बढ़ेगा टकराव

बीजिंग, एजेंसी। चीनी सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया है कि ट्रेनिंग का उद्देश्य चीन और बांग्लादेश के बीच आपसी समझ, दोस्ती को मजबूत करना और दोनों पक्षों के बीच व्यवारिक आदान प्रदान और सहयोग को बढ़ाना है। वु कियान ने बताया कि ये ट्रेनिंग संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा और आतंकवादी विरोधी अभियानों के संदर्भ में हो रही है।

खबर है कि चीन अपनी सेना की एक टुकड़ी भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश में तैनात करने वाला है। चीन के रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता वू कुयान ने इसकी जानकारी दी है। कियान ने बताया है कि बांग्लादेश के साथ एक संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए लिए पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की एक टुकड़ी को मई की शुरुआत में बांग्लादेश में तैनात किया जाएगा। चीन और बांग्लादेश के सेनाओं के बीच ये पहली ज्वाइंट मिलिट्री ट्रेनिंग है। चीनी सरकार के मुखपत्र ग्लोबल टाइम्स ने रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया है कि ट्रेनिंग का उद्देश्य चीन और बांग्लादेश के बीच आपसी समझ, दोस्ती को मजबूत करना और दोनों पक्षों के बीच व्यवारिक आदान प्रदान और सहयोग को बढ़ाना है। वु कियान ने बताया कि ये ट्रेनिंग संयुक्त राष्ट्र शांति रक्षा और आतंकवादी विरोधी अभियानों के संदर्भ में हो रही है।

वू ने कहा कि यह पहली बार है कि चीनी और बांग्लादेश की सेनाएं संयुक्त प्रशिक्षण आयोजित करेंगी।

छाटा में सार्वजनिक स्थल पर शराब पीते एक युवक पर कार्रवाई, आसपास शराब पी रहे अन्य लोग पुलिस को देख भागे

उतई (समय दर्शन)। ग्राम छाटा में लगातार अवैध शराब बिक्री की शिकायत बढ़ती ही जा रही है । यहां पर करीब एक आधा दर्जन से अधिक लोग अवैध रूप से शराब बेचने का काम करते है। उतई पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पहुंचे। ग्राम छाटा नहर के पास के पास शराब पीते एक व्यक्ति मिला जिसे घेराबंदी कर पकडा गया। नाम पता पुछने पर अपना नाम प्रेमिश कुमार पिता तुलसी राम खुटियारे उम्र 21 साल सा0 वार्ड क्र0 14 छाटा थाना उतई का रहने वाला बताया।

शराब पीने के संबंध में ब्रीथ एनालाईजर मशीन से चेक करने पर 41द्वद्द/100 द्वद्य एल्कोहल होना पाया गया आरोपी के कब्जे से एक पौवा सोले लिखा देशी प्लेन शराब 80 द्वद्य करीब खुली हुई कीमती 50 रू करीबन, एक डिस्पोजल गिलास मिली जिसमें शराब की गंध आ रही है। बताया जा रहा है की जिस जगह पर युवक शराब पीते पकड़ाए है वह शाराबियो का अड्डा बन गया है। जिसके कारण शाम होते ही महिलाओं का सड़क नहर पार करना मुश्किल हो जाता है। पुलिस को देखकर अन्य जो लोग शराब पी रहे थे वहा भाग गए।

85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग

दुर्ग (समय दर्शन)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत आज जिले में सभी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत 85 प्लस बुजुर्ग और दिव्यांग चिन्हित मतदाताओं को मतदान कराने मतदान दल उनके घर पहुंचे। दल के सदस्यों ने मतदान की पूरी प्रक्रिया सम्पादित करते हुए मतदान कराया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 64 दुर्ग शहर के 59 मतदाता में से 57 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किये। बचे 2 मतदाता को 30 अप्रैल को मतदान हेतु अवसर दिया जाएगा। दिव्यांग महिला मतदाता ज्ञानेश्वरी साहू ने अपने सहयोगी के माध्यम से मतदान किया। वही 85 प्लस के.एस.एल. सोरी, घनश्याम सिंग महालवार, विवेक सोनी ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किये। उन्होंने निर्वाचन आयोग के घर बैठे वोटिंग की सुविधा की सराहना करते हुए अपने विचार व्यक्त किये कि यदि यह सुविधा उपलब्ध नहीं होती तो हम मतदान से वंचित हो जाते। उन्होंने मतदान के तय तिथि से पहले ही वोटिंग करने पर अपने खुशी का इजहार करते हुए शासन-प्रशासन सहित मतदान दल के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किये। 85 प्लस एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए आज प्रथम गृह दौरा था। छूटे मतदाता के लिए 30 अप्रैल 2024 को दल का द्वितीय गृह दौरा होगा।

दुष्कर्म के आरोपी को चौबीस घंटे में किए गिरफ्तार,भेजा गया जेल

सिटी कोतवाली गरियाबंद

गरियाबंद(समय दर्शन)। दुष्कर्म करने के आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा चौबीस घंटे में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया ।घटना के विषय में सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार 27 अप्रैल को प्रार्थी द्वारा स्थानीय सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया गया की उसकी नाबालिग लड़की को किसी व्यक्ति द्वारा बहलाफुसला कर भगा ले गया है ।इस घटना की गंभीरता को देखते हुए घटना की जानकारी कोतवाली प्रभारी कृष्ण प्रसाद जांगड़े के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले को दिया गया ।जिसे गंभीरता से लेते हुए जिले के पुलिस कप्तान उमनि/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम काम्बले के दिशा-निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं एसडीओपी गोपाल वैश्य के मार्गदर्शन में कोतवाली प्रभारी कृष्ण कुमार जांगड़े द्वारा कोतवाली सहायक प्रभारी गुणेश्वरी नरेकी,प्रधान आरक्षक राम कृष्ण साहू आरक्षक योगेश सिंग व महिला आरक्षक लीलेश्वरी ध्रुव की टीम बनाकर आरोपी की तलाश प्रारंभ किया गया,जिससे फिंगेश्वर थाना क्षेत्र के ग्राम पतोरी निवासी आरोपी केजुराम मारकंडे पिता शत्रुघ्न मारकंडे उम्र 27 को गिरफ्तार कर आरोपी के पास से नाबालिग लड़की को बरामद कर आरोप के खिलाफ धारा 363,366,376 (2)पाक्सो एक्ट कायम कर आरोपी को जेल भेजा गया।

ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारी व पुलिस बल ने डाक मतपत्र से किया मतदान

विधानसभावार सुविधा केन्द्र स्थापित बीआईटी कॉलेज के साईंस ब्लाक में 28 अप्रैल से 01 मई एवं 04 से 06 मई 2024 तक किया जा सकेगा मतदान

अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन ने लिया प्रशिक्षण का जायजा

दुर्ग(समय दर्शन)। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में 7 मई को संसदीय निर्वाचन क्षेत्र-07 में मतदान संपन्न होना है। दुर्ग जिले के मतदाता (जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर निर्वाचन कार्य से ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, ऐसे अधिकारी-कर्मचारियों के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने विधानसभावार सुविधा केन्द्र अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाता हेतु पोस्टल वोटिंग सेन्टर बीआईटी कॉलेज दुर्ग के साईंस ब्लाक में स्थापित किया गया है। साथ ही समस्त विधानसभा (पुलिस बल) के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग में सुरक्षा हेतु ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी सुविधा केन्द्र बनाया गया है। आज बड़े उत्साह से अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने मताधिकार का उपयोग करने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने विधानसभावार सुविधा केन्द्र अनुपस्थित श्रेणी अनिवार्य सेवा के मतदाता पोस्टल वोटिंग सेन्टर बीआईटी कॉलेज दुर्ग पहुंचे और अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए डाक मतपत्र से मतदान किया।

अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन ने आज बी.आई.टी. कालेज में चल रहे प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत मतदान दलों के अधिकारियों को निष्पक्ष, पारदर्शी निर्वाचन के लिए प्रेरित किया। निर्वाचन में मतदान दायित्व को सहज एवं सरल तरीके से सम्पादित करने हेतु बारीकी से प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा। इस दौरान मतदान संबंधी प्रत्येक पहलुओं की जानकारी लेने के साथ ही ईव्हीएम हेंडआन करना, मतदान आरंभ करने के पूर्व की तैयारी, माकपोल सहित शांतिपूर्ण ढंग से निष्पक्ष एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न कराने सहित सभी प्रपत्रों को इत्यादि का गहन प्रशिक्षण प्राप्त करें।

वैशालीनगर विधानसभा में मतदाताओं की सुविधा का रखा जायेगा विशेष ध्यान

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 07 दुर्ग के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्रीकेश लाठकर द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 66 वैशालीनगर के विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर मतदान की अब तक की तैयारियों का जायजा लिया गया।

प्रेक्षक द्वारा 07 मतदान केंद्र वाले शासकीय प्राथमिक, पूर्व एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर, 14 मतदान केंद्र वाले शासकीय प्राथमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाउसिंग बोर्ड छावनी, 03 मतदान केंद्र वाले नालंदा इंग्लिश मीडियम स्कूल कुरुद, 07 मतदान केंद्र वाले शासकीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक विद्यालय जुनवानी का निरीक्षण कर मतदान की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया गया। इन मतदान केंद्रों के बूथ लेवल ऑफिसर से प्रत्येक मतदान में कुल मतदाताओं की जानकारी लिया जाकर उनसे मतदाता सूचना पर्ची की स्थिति की जानकारी लिया गया।

प्रख्यात न्यूरो सर्जन डॉ.सिद्धार्थ साहू एवं गुर्दा रोग विशेषज्ञ डॉ.रविधर 30 को अग्रवाल नर्सिंग होम बसना मे

बसना(समय दर्शन)। महासमुन्द जिला अंतर्गत बसना अंचल के सेवाभावी हास्पीटल अग्रवाल नर्सिंग होम बसना मे हर विभाग का स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर सफल इलाज के साथ जरूरत मंद लोगों के लिए संजीवनी का कार्य कर रहे है। रियायती दरों में लोगों का इलाज कर नई कीर्तिमान रचते हुए प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों की सेवा कर रहे हैं।

इसी लक्ष्य के साथ 30 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के प्रख्यात न्यूरोसर्जन डॉ.सिद्धार्थ साहू, ब्रेन और स्पाईन संबंधित सभी प्रकार की जटिल समस्याओं का आपरेशन व सफल इलाज अग्रवाल नर्सिंग होम बसना मे करेंगे। उपलब्ध उपचार जैसे हेड इंजूरी और ट्रॉमा, पीठ दर्द, ब्रेन हैमरेज, गर्दन दर्द,ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन टी बी, पीडियाट्रिक न्यूरो की समस्या,मिर्गी का दौरा, कमर दर्द,स्पाइनल फ्रैक्चर,माइग्रेन (सिर दर्द),मानसिक तनाव,लकवा / स्ट्रोक, दिमागी बुखार जैसे सभी समस्याओं का सफल ईलाज सुबह 10 बजे से करेंगे।

इसी तारतम्य में सुबह 10 बजे से ही छत्तीसगढ़ के प्रख्यात गुर्दा,मूत्र,प्रोस्टेट रोग विशेषज्ञ डॉ.रविधर,अग्रवाल नर्सिंग होम बसना मे गुर्दा,पथरी,मूत्र रोग व प्रोस्टेट से संबधित सभी प्रकार के आपरेशन व इलाज करेंगे। जिसमे नई पुरानी किडनी की बीमारी,शरीर में सूजन, खून की कमी, यूरिया, क्रिएटिनिन का बढ़ना,पेशाब बार बार होना,पेशाब में जलन,पेशाब मे झाग आना, खून आना एवं पेशाब नली मे इन्फेक्शन,डायलिसिस एवं किडनी ट्रांसप्लांट जैसे सभी प्रकार की समस्याओ के आपरेशन व समुचित इलाज करेंगे। संबंधित मरीज निम्न नंबरो के माध्यम से अग्रिम पंजीयन करा कर अस्पताल प्रबंधन से मिलने वाली अन्य सुविधाओं के लिए 8461811000, 7770868473 पर संपर्क कर सकते है।

मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं ने महतारी वंदन की लाभार्थियों के घर घर दी दस्तक

दुर्ग (समय दर्शन)। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने महिला मोर्चा भी अब मैदान में उतर गई है और पूरे लोकसभा क्षेत्र के सभी मंडलों में डोर टू डोर जाकर मोदी सरकार की योजनाओं से लेकर राज्य की विष्णु देव सरकार की महत्वकांक्षी महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों के घर-घर दस्तक दे रही है।

इसी क्रम में सिकोला भाटा पटरी पार मंडल महिला मोर्चा द्वारा वार्ड क्रमांक 17 औद्यगिक नगर वार्ड के शांति नगर तथा वार्ड 18 शक्तिनगर क्षेत्र में महिला मोर्चा अध्यक्ष मौसमी ताम्रकार के नेतृत्व में महिला कार्यकर्ताओ ने महतारी वंदन योजना की लाभार्थी,उज्वला योजना प्रधानमंत्री आवास,स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत शौचालय,आयुष्मान,मातृत्व योजना जैसे योजनाओ के लाभार्थी महिलाओं से संपर्क कर देश में फिर से मोदी सरकार बनाने दुर्ग लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को जीताने कमल खिलाने की अपील किया गया इस दौरान लाभार्थी महिलाओ ने कहा कि वे सभी नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनाने संकल्पित है और वे सभी अपने अपने स्तर पर प्रचार भी कर रही है।

उल्लेखनीय है कि कल लोकसभा प्रभारी चंदूलाल साहू व सह प्रभारी राजीव अग्रवाल ने दुर्ग भिलाई संगठन जिला महिला मोर्चा अध्यक्षों की बैठक लेकर जिला व मंडल अध्यक्षों को महिला लाभार्थियों के घर डोर टू डोर जाने के निर्देश दिए थे जिसके तहत आज विभिन्न मंडलों में महिला मोर्चा कार्यकर्ता घर घर दस्तक देने अभियान की शुरआत की है ।जिसके अंतर्गत शक्ति नगर क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए सिकोला भाटा पटरी पार महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मौसमी ताम्रकार ने कहा कि पूरे मंडल के अंतर्गत क्षेत्र में यहां कि महिलाएं चुनाव को लेकर काफी उत्साहित है और वह सभी मतदान तिथि की प्रतीक्षारत है ताकि महिलाओं का सम्मान स्थापित करने वाले देश की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को के लिए अपना मतदान कर उन्हे अपना और परिवार का आशीर्वाद प्रदान कर सके ।आज लाभार्थी संपर्क अभियान में प्रमुख अंजू तिवारी महिला मोर्चा मण्डल महामन्त्री सुरुचि उमरे उपाध्यक्ष रोशनी देवांगन मंत्री उषा निर्मलकर सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

राष्ट्रहित के लिए पहले मतदान फिर अन्य काज- पीयूष

बसना (समय दर्शन)। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संपूर्ण देश मे चुनावी सरगर्मी चरम पर है। बस्तर में 19 अप्रैल को प्रथम चरण का मतदान सम्पन्न हुआ है । छत्तीसगढ़ मे लोकसभा का प्रथम चरण चुनाव के उपरांत द्वितीय चरण में राजनांदगांव, कांकेर और महासमुंद लोकसभा में चुनाव सम्पन्न हुए।

इसी कड़ी में भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश पदाधिकारी पीयूष मिश्रा ने बसना क्षेत्र के अनेक ग्रामों का भ्रमण करते हुए कार्यकर्ताओं से मिले और महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के पक्ष में लोगों को प्रेरित करते हुए भुकेल पहुँचे। भूकेल मतदान केंद्र पहुंच कर मतदान महापर्व मे भाग लेकर अपने मताधिकार का उपयोग कर निर्वाचन में अपनी भूमिका निभाई। तत्पश्चात मीडिया के बंधुओ से रूबरू होते हुए मिश्रा जी ने कहा कि, 2024 का लोकसभा चुनाव केवल एक सांसद चुनने का चुनाव नही है, ये विकसित भारत के संकल्प को मजबूत करने और दिल्ली में यसस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी को सशक्त करने का चुनाव है।

राष्ट्र की हित के लिए मतदान ही एक मात्र साधन है ,जिसे भारत का आम नागरिक इस्तेमाल कर अपनी सरकार चुनता है। इसलिए पहले मतदान-फिर जलपान।

आगे पीयूष ने कहा कि, भारत को विकसित और सुरक्षित बनाये रखने के लिए मोदी जी को पुन: प्रधानमंत्री बनाना अत्यंत आवश्यक है ।पिछले 10 सालों में देश मे आये बड़े बदलाव को जनता महसूस भी करती है और जनता को मोदी जी पर पूर्ण विश्वास भी है। हमारा और भारत देश का सौभाग्य है कि हमे मोदी जी जैसा कर्मयोगी राष्ट्र के लिए समर्पित जनसेवा में तत्पर जन नायक मिला है ।पिछले 10 सालों में हमारा देश सशक्त,समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में नई पहचान गढ़ रहा है। इस दौरान भाजपा मंडल गडफुलझर के पूर्व महामंत्री राजेन्द्र पटेल,नंदकुमार पटेल, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष दिपेश मिश्रा मण्डल मंत्री नरेंद्र यादव समेत ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्ति पर बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

भिलाई (समय दर्शन)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से अप्रैल 2024 माह में सेवानिवृत्त हो रहे कार्यपालकों को 27 अप्रैल 2024 को इस्पात भवन स्थित निदेषक प्रभारी सभागार में आयोजित समारोह में संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर विषेष अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन) श्री पवन कुमार उपस्थित थे। भिलाई इस्पात संयंत्र में अप्रैल 2024 में कुल 126 कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं जिसमें कुल 4 कार्यपालक, 117 गैर-कार्यपालक शामिल है। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में खदान बिरादरी के 5 सदस्य भी शामिल हैं। इस अवसर पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता तथा कार्यपालक निदेषक (कार्मिक एवं प्रषासन) पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेष प्रदान किया। दासगुप्ता ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके स्वस्थ एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। सेवानिवृत्त होने वाले कार्यपालकों में शामिल हैं उपमहाप्रबंधक (आईओसी माइन्स) शमषाद रजा, सहायक महाप्रबंधक (आरसीएल) मंगल प्रसाद साहू, वरिष्ठ प्रबंधक (कोकओवन) टी सत्यपाल तथा श्री बलराम।

संयंत्र के कार्मिकों को 30 अप्रैल 2024 को महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित विदाई समारोह में सेवानिवृत्ति आदेष प्रदान किया जाएगा।

प्रयास आवासीय विद्यालयों में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित : 9वीं से पढ़ाई के साथ अन्य परीक्षा के लिए मिलेगा कोचिंग

सारंगढ़ बिलाईगढ़ (समय दर्शन)। प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों यथा आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के स्कूलों में अध्ययनरत प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं सहित सीए,सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में गहन तैयारी के उद्देश्य की पूर्ति हेतु संचालित प्रयास आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के तहत कक्षा 9 वीं में प्रवेश के लिए आगामी 17 मई तक लिंक https:// eklavya.cg.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। निर्धारित तिथि तक भरे गए आवेदन पत्रों में 20 मई 2024 तक त्रुटि सुधार किया जा सकता है। प्रवेश के लिए चयन परीक्षा 9 जून 2024 रविवार को प्रात: 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित की जाएगी। साथ ही सम्बन्धित जिले के कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास या सम्बन्धित क्षेत्र के कार्यालय परियोजना प्रशासक एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने महासमुंद की जनता ने अपना निर्णय ईवीएम में किया दर्ज - रूपकुमारी चौधरी

जनता-जनार्दन ने विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा के पक्ष में किया भारी संख्या में मतदान

भाजपा प्रत्याशी व पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चौधरी ने अनथक परिश्रम के साथ चुनाव प्रचार प्रसार के सुव्यवस्थित संचालन के लिए पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का माना आभार

बसना(समय दर्शन)। भारतीय जनता पार्टी के महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की प्रत्याशी और पूर्व संसदीय सचिव रूपकुमारी चौधरी ने मतदान के दूसरे चरण में शुक्रवार को हुए मतदान में भाजपा को अभूतपूर्व जनसमर्थन मिलने का विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि महासमुंद लोकसभा की जनता ने विकसित भारत - विकसित छत्तीसगढ़ के लिए भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में स्वस्फूर्त मतदान किया है।

श्रीमती चौधरी ने कहा कि भारी संख्या में मतदाताओं ने मतदान कर यह स्पष्ट संदेश दे दिया है कि छत्तीसगढ़ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्पों के साथ कदम से कदम मिलने को तैयार है। छत्तीसगढ़ की जनता अब कांग्रेस की घोर जनविरोधी नीतियों और पाखंडपूर्ण राजनीति से पूरी तरह मुक्ति चाहती है।

भाजपा प्रत्याशी व पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चौधरी ने दूसरे चरण में महासमुंद संसदीय क्षेत्र में शांतिपूर्ण मतदान और भाजपा के प्रति अपना अटूट विश्वास व्यक्त करने के लिए संसदीय क्षेत्र की जनता जनार्दन के साथ ही अनथक परिश्रम कर भाजपा के पूरे चुनाव प्रचार प्रसार के सुव्यवस्थित संचालन व अधिकतम मतदान कराने के लिए पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। श्रीमती चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की रीति-नीति, कांग्रेस के चुनाव घोषणा पत्र को लेकर व्याप्त आक्रोश मतदान के जरिए व्यक्त होकर कांग्रेस की चूलें हिलाने वाला साबित होगा। महासमुंद संसदीय क्षेत्र की जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान करके यह दो टूक संदेश दे दिया है कि वह अब कांग्रेस के झूठ को बर्दाश्त नहीं करने वाली है और इसलिए पूरे प्रदेश में कांग्रेसमुक्त अभियान शुरू हुआ है। भाजपा के प्रति यही विश्वास और उत्साह पूरे प्रदेश में दिखाई दे रहा है और भाजपा का कमल प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर खिलेगा, इसमें कोई दो राय नहीं है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि हमारे पास सशक्त नेतृत्व है, मजबूत संगठन है। पिछले 10 साल का देश में काम करने का मोदी जी का ट्रैक रिकॉर्ड है और आने वाले 25 सालों के लिए 2047 के विकसित भारत का विजन। वहीं कांग्रेस के पास ना नेतृत्व है, ना संगठन है, ना ट्रैक रिकॉर्ड है, और ना ही विजन। इसलिए श्री मोदी के नेतृत्व पर महासमुंद की जनता ने मुहर लगाई है। शुक्रवार को हुए मतदान के बाद यह साफ हो गया है कि श्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए महासमुंद की जनता जनार्दन ने अपना निर्णय ईवीएम में दर्ज कर दिया है।

श्रीमती चौधरी ने कहा कि प्रदेशभर में मतदान के द्वितीय चरण में जनता की बढ़ङ्कचढ़कर की गई भागीदारी कांग्रेस और इंडिया ठगबंधन के प्रति जनाक्रोश की अभिव्यक्ति का प्रमाण पत्र है।

संक्षिप्त-खबर

डा रमन ने इतिहास दोहराने की बात कर संतोष पांडे की हार की सुनिश्चित - कांग्रेस

राजनांदगांव (समय दर्शन)। लोकसभा चुनाव में मतदान के बाद पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने लोकसभा चुनाव संसदीय क्षेत्र राजनांदगांव में भूपेश इतिहास दोहराने आए है कि बात कह कर यह प्रमाणित कर दिया है कि संतोष पांडे की हार सुनिश्चित है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र का इतिहास है कि धरमलाल गुप्ता मोतीलाल वोरा जैसे प्रत्याशी दुर्ग से प्रथम बार में ही राजनांदगांव आकर अपनी जीत सुनिश्चित की थी अब भूपेश बघेल जी दुर्ग से आकर चुनाव लडे है साथ ही साथ राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र से जिस किसी भी संसद को दोबारा संसद का टिकट मिला है उसकी हार सुनिश्चित हुई है इस प्रकार से डॉ रमन सिंह जी ने यह वक्तव्य देकर एक तरह से अपनी मंशा साफ कर दी कि संतोष पांडे की हार सुनिश्चित है पिछले 5 वर्षों में जिस प्रकार से संतोष पांडे जी आम जनता के दूर रहे जिसके कारण उन्हें निष्क्रिय संसद का नाम आम जनता ने दिया उससे भी राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र की जनता भाजपा के खिलाफमतदान कर सही में राजनांदगांव के इतिहास को बरकरार रखना के पक्ष में मतदान किया है।

धर्मांतरण का आरोप , कालोनी में बवाल

राजनांदगांव। रविवार के दिन शहर के एक

कालोनी में धर्मांतरण के मामले को लेकर जमकर बवाल हुआ। रिद्धी-सिद्धी कॉलोनी के स्थानीय निवासियों ने कॉलोनी के पास केरला भवन में क्रिश्चियन समाज के लोगों के द्वारा अंधविश्वास फैलाकर भूत-प्रेत बाधा दूर करने के नाम पर लोगों को और आसपास के रहने वाले हिन्दुओं को ईसाई धर्म अपनाने के लिए दबाव डाले जाने का आरोप लगाते हुए जमकर बवाल किया इस दौरान हिन्दू संगठन से जुड़े लोग भी वहां मौजूद रहे । विरोध करने वालों ने बताया कि केरला भवन आने वालों लोगों को प्रेतबाधा के नाम पर मारा व पीटा जाता है वहां से लगातार डरावनी आवाज निकालकर बहुत शोर शराबा किया जाता है जिससे आसपास का वातावरण बहुत खराब हो जाता है । हिन्दू संगठन के लोगों ने कहा कि ईसाईयों द्वारा धर्मांतरण का काम बहुत तेजी से किया जा रहा है उनके कारण वहां बहुत लोग उनके पैसे रोग, भूत बाधा दूर करने जैसे प्रलोभन के कारण धर्मांतरित हो रहे हैं । मामला बढ़ता देख पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को बसंतपुर थाने ले गई।

गीता साहू दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र करेंगी चुनाव प्रचार

राजनांदगांव। लोकसभा चुनाव 2024 का दूसरा चरण का मतदान सम्पन्न हो गया है। तीसरे चरण का मतदान आगामी 7 मई को होना है। राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू (दुर्ग लोकसभा क्षेत्र) दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार करेंगी। बीते विधानसभा चुनाव 2023 में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू ने चुनाव प्रचार प्रसार में शामिल हुई थी। जिसमें बीजेपी ने कांग्रेस को 16,642 वोटो के अंतर से हराकर जीत हासिल की।

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के मतदान दल को दिया गया अंतिम प्रशिक्षण

बेमेतरा (समय दर्शन)। लोकसभा निर्वाचन-2024 संसदीय क्षेत्र-7 दुर्ग अन्तर्गत ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को निर्वाचन संबंधी प्रशिक्षण जिले के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम कन्या विद्यालय और पी.जी कॉलेज रूसा भवन में दिया जा रहा है 7 इसी क्रम में आज दूसरे दिन विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा के निर्वाचन ड्यूटी में लगे पीठासीन अधिकारी सहित मतदान दल क्रमांक 1,2 और 3 मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनरों ने अंतिम प्रशिक्षण दिया।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री टेकचंद अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गुड्डू लाल जगत, अपर कलेक्टर डॉ अनिल वाजपेई, सर्व एसडीएम व अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दूसरे दिन कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री रणबीर शर्मा भी प्रशिक्षण केंद्र पहुंच कर प्रशिक्षण ले रहे मतदान दलों से रूबरू हुये और प्रत्येक कक्ष में जाकर निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरिके से चुनाव कराने के टिप्स दिए तथा मास्टर ट्रेनर द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण को देखा 7 कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा की मतदान दलों में नियुक्त सभी अधिकारी, कर्मचारी प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे। मतदान दलों को मतदान कराने की प्रकिया, उनके अधिकार-कर्तव्य, मतदान संबंधी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये निर्देशों, मतदान संबंधी नियम और कानूनों आदि के बारे मे विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

एक ही रात में दो गांव में शासकीय बोर के केबल ओर स्टार्टिंग पैनल की हुई चोरी, अम्लेश्वर थाना क्षेत्र में लगातार बढ़ रही है चोरी

पाटन (समय दर्शन)। अमलेश्वर थाना क्षेत्र में चोरी करने वालो की बल्ले बल्ले है। बीती रात को ग्राम कोपेडीह ओर कापसी में लगे शासकीय बोर के केबल तार तथा स्टार्टिंग पैनल को अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। जिसकी सूचना सरपंच अम्बेडकर जोशी ने अम्लेश्वर थाना में दी है। लेकिन अम्लेश्वर थाना में अभी तक कोई अपराध दर्ज ही नहीं किया गया है। इससे चोरी करने वालो का हौसला बढ़ता ही जा रहा है।

ग्राम पंचायत कोपेडिह के सरपंच अम्बेडकर जोशी ने बताया की बीती रात को को के सतनामी पारा में लगे शासकीय बोर के केबल तार तथा स्टार्टिंग पैनल को अज्ञात चोर ने चोरी कर ली है। इसी तरह से आश्रित ग्राम कापसी में भी यही घटना हुई है। बोर बंद होने से ग्रामीणों में निस्तारी और पेयजल की संकट उत्पन्न हो गई है। ज्ञात हो की अभी गर्मी में बोर पंप ही ग्रामीणों का सहारा था जिसे भी चोरी करने वालो ने निशाना बनाया। उन्होंने इस पर कार्रवाई की है।

लगातार हो रही अम्लेश्वर थाना क्षेत्र में चोरी

अमलेश्वर थाना क्षेत्र में लगातार चोरी का सिलसिला चल रही है। थाना में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराती है लेकिन मामला सिर्फरिपोर्ट दर्ज तक ही रहता है। पुलिस के हाथ अभी भी खाली है। बता से की अमलेश्वर थाना क्षेत्र में अमलेश्वर के आसपास बड़े बड़े आवसीय कालोनी बने हुए है। महादेव घाट के पास वुड आइलैंड कालोनी में कई बार चोरी हो गया है। एक बार तो एक हो रात में दो जगह चोरी हुआ था। जिसकी भी रिपोर्ट थाने में दर्ज है। लेकिन पुलिस सिर्फ हाथ पांव ही मार रही है। इसके अलावा अम्लेशवर के दुर्गा नगर, सहित ग्रामीण क्षेत्र में भी चोरी की वारदात बढ़ी है। बताया जा रहा है की पुलिस ज्यादातर वी आई पी ड्यूटी में रहते है। इस कारण रात्रि गस्त कम होने लगी है।

नहर लाइनिंग में मनमानी, किसानों ने लगाया भ्रष्टचार का आरोप

लिखित में की शिकायत, बाट गांव से छोटे बिरेझर तक होगा लाइनिंग का कार्य

घूमका (समय दर्शन)। घुमका क्षेत्र के किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए किए जा रहे नहर लाइनिंग का काम भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है इस मामले में नाराज किसानों ने विभाग के अधिकारियों को लिखित में शिकायत दर्ज कराई है । इसके बाद भी किसानों की शिकायत पर अब तक कहीं कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है। इस मामले में कार्रवाई नहीं होने पर अब किसान आंदोलन की भी बात कर रहे हैं।

ग्राम सलोनी ने किसानों ने निर्माणाधीन नहर लाइनिंग में खेतों तक जाने के लिए पुल निर्माण की मांग विभाग के अनुविभागीय अधिकारी से शनिवार को हस्ताक्षर युक्त लिखित आवेदन दी है आवेदन में गुणवत्ता विहीन कार्य होने का जिक्र भी किया गया है। इस आवेदन में नरेंद्र कुमार साहू, चुम्मन साहू, खोम लाल पाल, तिजू यादव, फकीर साहू, लील दास साहू, घनश्याम साहू, रतन यादव, कन्हैया यादव, कपूर वर्मा आदि लोगों ने हस्ताक्षर युक्त आवेदन विभाग में प्रस्तुत कर मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दिए जाने का उल्लेख किया गया है। गौरतलब है कि रुसे बांध से किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए 13 करोड़ की लागत से 16 किलो मीटर कैनाल की लाइनिंग का कार्य जारी है। विभागीय जानकारी के अनुसार ग्राम रुसे से बाट गांव तक 15 किलोमीटर तक की लाइनिंग का कार्य पूर्व में पूरा कर लिया गया है। वर्तमान में बाटगांव से छोटे बिरेझर तक हो रहे नहर लाइनिंग के कार्य से असंतुष्ट किसानों ने गुणवत्ता विहीन कार्य होने की शिकायत की है।

पूर्व सरपंच केशव जंघेल, कांग्रेस के जिला महासचिव नवीन लूनिया, किसान नेता दीपक वर्मा ,विशाल पटेल ने बताया कि यहां बाटगांव से बिरेझर तक नहर लाइनिंग के कार्य में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। गुणवत्ता विहीन निर्माण की जा रही है लाइनिंग का निर्माण का अधिकारी मानिटरिंग भी नहीं कर रहे हैं। कार्य स्थल पर ना तो टाइम कीपर उपस्थित रहते है और ना ही सब इंजीनियर रहते हैं। यहाँ पूरा लाइनिंग का कार्य गैंगमेन के भरोसे - चल रहा है जबकि गेंग मेन को कोई टेक्निकल जानकारी नहीं है। इस मामले को लेकर ईई मनोज कुमार पराते ने कहा यदि गुणवत्ता विहीन निर्माण हो रहा होगा तो निर्माण को ध्वस्त कर पुनर्निर्माण कराया जाएगा।

व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने का आरोप

ग्राम सलोनी के किसानों ने बताया कि यहाँ नहर नाली से पार कर खेतों तक पहुंचने के लिए जहां पुल की आवश्यकता है। वहाँ पर निर्माण नहीं कर एक किसान से सांठ-गांठ कर व्यक्ति गत उन्हें लाभ पहुंचाने पुल का निर्माण कराया जा रहा है जो कि अन्य किसान खेतों तक पहुंच मार्ग की सुविधा से वंचित हो रहे हैं। उक्त विषयों को लेकर विभाग के ई ई मनोज कुमार पराते को अवगत करा दिया गया है किन्तु अब तक उक्त किसानों को राहत नहीं मिला है । रुसे नहर लाइनिंग का कार्य किसानों के सुविधाओं को नजर अंदाज कर मन माफ़िक की जा रही है।

जिले में लोकसभा निर्वाचन मतदान सफलतापूर्वक संपन्न, जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने सभी का व्यक्त किया आभार

महासमुंद (समय दर्शन)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभात मलिक ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत महासमुंद जिले में शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक मतदान प्रक्रिया संपन्न होने पर सभी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने मतदान कार्य में आम मतदाताओं, निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षा में तैनात जवानों और मीडिया प्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों से मिले सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। कलेक्टर मलिक ने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में युवा, महिला, बुजुर्ग, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी वर्गों की सहभागिता रही। स्काउट-गाईड, एन एस एस के बच्चों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई, जो प्रशंसनीय है। जिले के मताधिकार के प्रति जागरूक मतदाता मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए। निर्वाचन कार्य में लगे जिले के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदान कार्य में सराहनीय भूमिका निभाई। मतदान दलों ने प्रतिबद्धतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन किया। मैदानी अमलों ने निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने में तत्परता दिखाई। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप अंतर्गत मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने में स्वीप टीम एवं शासकीय अमलों ने बेहतरीन कार्य किया। जिसका सुखद परिणाम यह रहा है कि जिले में मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी हुई है। कलेक्टर ने जिला निर्वाचन कार्यालय से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी, सभी सहायक निटर्निंग अधिकारियों एवं उनकी टीम, निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी नोडल अधिकारी एवं उनकी टीम, पुलिस विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारी, प्रशिक्षण कार्य से जुड़े मास्टर ट्रेनर्स, सेक्टर अधिकारी, निर्वाचन व्यय लेखा एवं नियंत्रण से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं अन्य सभी को बेहतर कार्य करने के लिए प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया है।

रातों रात खनन कर तालाब का मिट्टी कर रहे थे चोरी, ग्रामीणों ने मना किया तो दी जान से मारने की धमकी, थाने में दी सूचना

मनरेगा के मजदूर पहुंच गए तालाब, पाटन ब्लॉक का मामला

पाटन (समय दर्शन)। पाटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोपेडिह के आश्रित ग्राम कापसी में मंडल तालाब का मिट्टी चोरी करने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत के सरपंच तथा ग्रामीणों के द्वारा अम्लेश्वर थाना में दी गई सूचना के मुताबिक मंडल तालाब का रातों रात मिट्टी का चोरी कर रहा था। अवैध रूप से कार्य करने वालो को रात में गांव के कुछ लोगो ने रोकने की कोशिश किया तो जेसीबी और हाइवा चलाने वालो ने उल्टे ग्रामीणों के बहसबाजी करते हुए विरोध करने पर जान से मारने की धमकी भी दिया। फिर दूसरे दिन सुबह से बड़ी संख्या में मजदूर ओर ग्रामीण मंडल तालाब पहुंचे। जब ग्रामीण पहुंचे तो तालाब से मिट्टी निकालने वाले गायब हो चुके थे। इसके बड़ा थाना में सूचना दी गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पाटन ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोपेडीह का आश्रित ग्राम कापसी में मंडल तालाब सूख गया है। सूखे तालाब से कुछ लोग रात में मिट्टी मुरूम निकालने के लिए जेसीबी ओर हाइवा लेकर पहुंच गए। जब रात में तालाब पर गाड़ियों की लेट नजर पड़ी तो कुछ ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तालाब से जेसीबी की मदद से मिट्टी निकालने का काम कर रहे थे। जिसे मना किया गया।

मना करने पर वहा पर मौजूद जेसीबी के ड्राइवर ओर हाइवा के ड्राइवर ने ग्रामीण के साथ गाली गलोच करते हुए जान से मारने की धमकी भी दिया। सुबह ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत के सरपंच अम्बेडकर जोशी तथा पंचों को मिट्टी चोरी किए जाने का पूरा मामला बताया गया। इसके बाद ग्रामीणों तथा मनरेगा में काम कर रहे मजदूरों के साथ सरपंच और पंच गण मंडल तालाब पहुंचे। तहत पर बहुत सारी मिट्टी निकाल ली गई थी। बताया जा रहा है की खुदाई के लिए ग्राम पंचायत से अनुमति नहीं लिया गया है।

पंचायत ने दी थाना में सूचना

ग्राम पंचायत के सरपंच तथा पंचों ने तालाब से मिट्टी चोरी किए जाने की जानकारी लिखित में थाना प्रभारी अमलेश्वर को दिए। थाना प्रभारी को दिए आवेदन में लिखा है की कापसी के मंडल तालाब से रात को मिट्टी की चोरी कर ले जाया जा रहा है। जिस पर तुरंत रोक लगाई जाए। साथ ही जान से मारने की धमकी देने का भी उल्लेख किया गया है। मिट्टी की चोरी करने वालो के द्वारा जान से मारने की धमकी देने के कारण ग्रामीण काफी डरे हुए है। अभी वर्तमान में कापसी के मंडल तालाब में ग्रामीणों के विरोध को देखते हुए खुदाई का कार्य बंद है। लेकिन भविष्य में अगर खुदाई करता है तो इस पर तत्काल कार्रवाई की मांग भी किया है। आवेदन सौंपने वालों में सरपंच अम्बेडकर जोशी, पुष्पा तुलसी देशलहरे, रूखमणी, हीरा, यमुना, रेवती, मधु, रामिन, लीला, संतरा, पुष्पा पटेल, लता बाई, चांदनी, केशव, शंकर, दुलारी, गंगा, निर्मला, नीरा सहित अन्य ग्रामीण शामिल है।

पद्म भूषण डॉ एम. डी.मानिकपुरी समाज के गौरव-सेवकदास दीवान

बसना(समय दर्शन)। रिपोर्टर क्रांति के संपादक एवं पनिका समाज के जिलाध्यक्ष तथा प्रदेश मिडिया प्रभारी सेवकदास दीवान ने पत्रकारों को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि, पूज्य पनिका समाज लब्ध प्रतिष्ठित विद्वानों से भरा पड़ा है।

विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग एवम् भारत गौरव रत्न श्री सम्मान काउंसिल द्वारा पांच सितारा होटल हियात सेंट्रिक जनकपुरी नई दिल्ली मे दिनांक 27/04/2024दिन शनिवार दोपहर 1.00बजे से आयोजित सेमिनार एवम् अवॉर्ड सेरेमनी 2024 विवेकानंद नगर मोपका बिलासपुर निवासी डॉ एम डी मानिक पुरी (चेयर मैन ग्रुप ऑफ न्यू महाराणा आई टी आई) निस्वार्थ समाज सेवी को राष्ट्रीय पद्म भूषण सम्मान 2024 से नवाजा गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि बालीवुड अभिनेत्री दिया मिर्जा,योगेंद्र सिंह यादव (सेवानिवृत भारतीय मिलिट्री आफिसर), नर्सिंग यादव अंतरराष्ट्रीय रेसलर, अविनाश सक्सेना हाई कोर्ट न्यायाधीश इलाहाबाद के हाथों सम्मानित किया गया। यह सम्मान इन्हें समाज सेवा, सामाजिक कार्यो में हमेशा अग्रणी भूमिका निभाना, कोरोना काल में पीड़ितों की मदद, नशा मुक्ति, जरूरतमंदों को आवश्यकता अनुसार आर्थिक सहयोग, एक्सीडेंटल में मदद करना, उच्च शिक्षा प्राप्ति करने में सहयोग, सामाजिक लड़कों- लड़कियों को अपने स्वयं की आई टी आई मे विशेष छुट दे कर विगत आठ वर्षो से प्रशिक्षण देना व समाज मे हमेशा नेक कार्य के प्रति अग्रणी रहते है।

इनके अलावा डॉ एम डी मानिक पुरी को राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय, विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग, डॉक्टरेट की मानद उपाधि, इंफ्लूएंस बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, इत्यादि इस्थानों से भी सम्मानित किया जा चुका है। यह सम्मान समाज, शहर, राज्य, व देश के लिए गौरव की बात है। जिससे छत्तीसगढ मानिकपुरी समाज के लोगों ने अवॉर्ड मिलने पर डॉ मानिकपुरी जी को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। छत्तीसगढ़ मानिकपुरी पनिका समाज के मीडिया प्रभारी महासमुन्द के जिलाध्यक्ष, रिपोर्टर क्रांति समाचार पत्र के संपादक सेवक दास दीवान ने बताया कि, डॉ एम डी मानिकपुरी हमारे समाज के गौरव हैं और समाज सेवा में हमेशा तत्पर रहते हैं। पद्म भूषण सम्मान से नवाजे जाने पर मानिकपुरी पनिका समाज गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

लोधी समाज के पदाधिकारियों ने की सामाजिक जनगणना पर चर्चा

प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा के साथ युवा अध्यक्ष सुरेश सिंगौर का पाटन ब्लॉक दौरा, जिला युवा अध्यक्ष रवि सिंगौर के नेतृत्व में हुआ जोशीला स्वागत

पाटन (समय दर्शन)। लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा और प्रदेश लोधी समाज युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुरेश सिंगौर पाटन विधानसभा में परिवारिक कार्यक्रम के लिए पहुंचे। पाटन में समाज के दुर्ग जिला युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष रवि सिंगौर के नेतृत्व में उसका जोशीला स्वागत किया गया।

इस दौरान घनश्याम वर्मा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़ और युवा अध्यक्ष सुरेश सिंगौर ने उधो जंघेल लोधी समाज महामंत्री दुर्ग के शादी की सालगिरह कार्यक्रम में भी शामिल हुआ। जामगांव (एम) रिर्सार्ट में प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा अपने धर्मपत्नी श्रीमती जागेश्वरी घनश्याम वर्मा (जिला पंचायत सभापति) साथ में सुरेश सिंगौर युवा प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज छःग इस दौरान विशेष रूप से मौजूद थे।

इस दौरान सामाजिक विकास के लिए समाज के लोगो के मध्य चर्चा भी हुई जिसमे श्री वर्मा ने सामाजिक व जनगणना अन्य विषय पर चर्चा किए । इस अवसर पर समाज के गणमान्य नागरिक विमल पटेल प्रदेश अंकेक्षण, प्रदेश सचिव के के सिंगौर, डॉ श्री अशोक वर्मा सलाहकार जिला रायपुर, अधीन जंघेल लोधी समाज जिलाअध्यक्ष रायपुर, रवि सिंगौर युवा जिलाध्यक्ष लोधी समाज दुर्ग जिला, बसत सिंगौर उपाध्यक्ष जिला लोधी समाज दुर्ग, कामता सिंगौर जी श्रीमति त्रिवेणी सिंगौर , श्रीमति पूर्णिमा वर्मा, श्रीमति ईश्वरी सिंगौर पूर्व सरपंच , श्रीमती रितु सिंगौर, श्रीमति सविता सिंगौर सहित अन्य लोग कार्यक्रम मे शामिल हुए।

एबीपी 2024-25 पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन हेतु संवाद कार्यक्रम का आयोजन

भिलाई। सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा, एनुअल बिजनेस पर्सपेक्टिव 2024-25 (एबीपी 2024-25) पर लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन हेतु संवाद कार्यक्रम का आयोजन आज 27 अप्रैल 2024 को सिविक सेंटर स्थित महात्मा गाँधी कला मंदिर में किया गया। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में किया गया। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉ अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक (रावघाट) समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (माइंस) बी के गिरी, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) तापस दासगुप्ता उपस्थित थे।

संवाद सत्र के बाद भिलाई बिरादरी को संबोधित करते हुए निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने सभी को बीते वित्त वर्ष की सफलता और श्रेष्ठ उत्पादन के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हम सब के मिलकर काम करने से हासिल हुई है। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र है। उन्होंने कहा कि प्रस्तुतीकरण में आप सब ने देखा कि थोड़ी सी कमी विभिन्न क्षेत्रों में रह गई है पर मुझे आषा है कि यह कमी हम इस वित्त वर्ष में पूरा कर लेंगे।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर (छ.ग.)
पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24